
वर्ष : 33 ▸ अंक : 296 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 11 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





P7 वरुण आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

P8 ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को राहत, 1 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

# बिहार-यूपी वाले बयान पर घिरे अरविंद केजरीवाल

## ● अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पटना में FIR
## ● बिहारियों को बताया था फर्जी



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाने में शुक्रवार को FIR दर्ज किया गया। केजरीवाल ने बिहारियों को फर्जी बताया था। इस बात से नाराज बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शनिवार शाम आवेदन देकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि केजरीवाल के खिलाफ NDA नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आप नेता ने बिहारियों का अपमान किया है और आगामी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### बीजेपी नेता ने लगाया है ये आरोप

बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण सिंह कल्लू ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाने में शकियात दर्ज कराई है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर बिहार और पूर्वांचलयिों के अपमान का आरोप लगाया है। शकियात में लिखा है कि केजरीवाल ने बिहार और यूपी के लोगों के खलिाफ अभद्र टिप्पणी की है। उनके खलिाफ उचति कार्रवाई की जाएगा।

### क्या कहा था केजरीवाल ने?

पिछले दिनों बीजेपी पर हमला करते अरविंद केजरीवाल ने हुए कहा था कि बिहार और यूपी से लोगों को लाकर उत्तर प्रदेश में फर्जी वोटर बना दिया जाता है। मात्र 15 दिनों में वोटर बनाने के 13 हजार आवेदन आ गए। ये कौन लोग हैं?



### दिल्ली किसी की जागीर नहीं : ललन सिंह

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने एक्स पर लिखा, 'अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग के दफ्तर के सामने जो बयान दिया है, उससे उनकी हताशा स्पष्ट हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें अपनी हार का आभास हो गया है। दिल्ली देश की राजधानी है, किसी की जागीर नहीं। बिहार और यूपी के लोग यहां अपने सम्मान के साथ रहते हैं और केजरीवाल जी उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस चुनाव में उनका यह रवैया उन्हें भारी पड़ेगा।'



## डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत, गुप्त धन मामले में बरी

एजेंसी । न्यूयॉर्क

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पॉर्न स्टार को मुंह बंद रखने के एवज में भुगतान करने से जुड़े मामले में शुक्रवार को औपचारिक तौर पर सजा सुनाई गई। लेकिन न्यायाधीश ने उनके लिए न तो जेल की सजा का ऐलान किया और न ही कोई जुर्माना या प्रतिबंध लगाया। फैसले को ट्रंप के लिए बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। इससे उनके व्हाइट हाउस में बतौर राष्ट्रपति दूसरे कार्यकाल के लिए लौटने का रास्ता भी साफ हो गया है। मैनहट्टन की एक अदालत के न्यायाधीश जुआन एम मर्चन हश मनी मामले में ट्रंप को चार साल की जेल की सजा सुना सकते थे। हालांकि उन्होंने एक ऐसा फैसला चुना। जिसने मामले का प्रभावी ढंग से निपटारा करते हुए कई संवैधानिक मुद्दों को पनपने से रोक दिया। ट्रंप अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर काबिज होने वाले पहले ऐसे व्यक्ति होंगे, जिन्हें किसी आपराधिक मामले में दोषी करार देते हुए औपचारिक सजा सुनाई गई।

# विवादों में 'माझी लाडकी बहिन योजना'

## विपक्ष और कृषि मंत्री ने उठाए सवाल

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की चर्चित 'माझी लाडकी बहिन योजना' अब विवादों में घिर गई है। विपक्ष ने इसे चुनावी स्टंट करार देते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव के बाद इस योजना पर ध्यान देना बंद कर दिया है। वहीं, राज्य के कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के कारण किसानों की कर्जमाफी योजना प्रभावित हो रही है।



### योजना पर आरोप और अनियमितताएं

महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से शुरू हुई इस योजना में चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं के खातों में 1500 रुपये की किस्त जमा की गई। सरकार ने चुनाव जीतने के बाद इस राशि को 2100 रुपये करने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। विपक्ष का आरोप है कि चुनावी लाभ के लिए योजना को बिना उचित जांच के शुरू किया गया। कई अपात्र लाभार्थियों ने इसका फायदा उठाया, जैसे कि सालाना आय सीमा से अधिक कमाने वाले, चार पहिया वाहन मालिक और दूसरे राज्यों में रहने वाले लोग।

### कृषि मंत्री की आपत्ति

कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा कि 'माझी लाडकी बहिन योजना' पर सरकार हर साल 45,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जबकि किसान कर्जमाफी योजना पर केवल 15,000 करोड़। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं इस राशि का उपयोग गैर-जरूरी खर्चों पर कर रही हैं, जिससे कृषि योजनाओं को नुकसान हो रहा है।

### सरकार का बचाव

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। योजना में पाई गई अनियमितताओं के चलते क्रॉस वेरिफिकेशन किया जा रहा है। उनका दावा है कि यह प्रक्रिया केवल अपात्र लाभार्थियों को हटाने के लिए है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया कि यह योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर इसमें बाधा डालने की कोशिश कर रहा है। 'माझी लाडकी बहिन योजना' फिलहाल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बनी हुई है। सरकार का कहना है कि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिलता रहेगा, जबकि विपक्ष इसे चुनावी हथकंडा बता रहा है। अब यह देखना होगा कि सरकार इस योजना के उद्देश्यों को किस तरह से पूरा करती है।

## 'परीक्षा पर चर्चा के खर्च में छात्रों को मिलती 3 साल स्कॉलरशिप'



एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत प्रचार प्रसार अधिक ध्यान लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंन परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में खर्च का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लिया है। गांधी ने कहा प्रचार प्रसार पर पर्याप्त खर्च किया जा रहा है, लेकिन तीन साल से सरकार छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने में असफल रही है। जो कई युवाओं के जीवन को बदल सकती थी। उन्होंने 'राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा' (एनटीएसई) छात्रवृत्ति के निलंबन पर चिंता जताई, जो प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मिलती है। एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि 1963 में शुरू की गई छात्रवृत्ति कार्यक्रम ने देश भर में कई बच्चों को अवसर प्रदान किए, लेकिन पिछले तीन वर्षों से इसे रोक दिया गया है, जिससे इच्छुक छात्रों के लिए अवसरों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने न्यूज कंपनी की रिपोर्ट शेयर करते हुए किया। जिसमें परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में 62 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया गया है। गांधी के मुताबिक जबकि 3 साल से बंद छात्रवृत्ति में होने वाला खर्च मात्र 40 करोड़ रुपये है। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में कहा, 'प्रधानमंत्री का पीआर प्रगति के विजन पर हावी है। 1963 में शुरू की गई 'राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा छात्रवृत्ति' ने कई बच्चों के भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। वे देश की प्रगति में भागीदार बने और उनके लिए अच्छी शिक्षा के द्वार खुले।' उन्होंने कहा कि 'तीन साल में छात्रवृत्ति पर 40 करोड़ खर्च हुए होंगे, जबकि प्रचार पर 62 करोड़ खर्च हुए।'

## संतोष देशमुख हत्याकांड

# जालना में सड़कों पर उग्र प्रदर्शन, मंत्री मुंडे के इस्तीफे की मांग

धीरज सिंह । जालना

बीड जिले मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या का मामला दिन-ब-दिन तूल पकड़ता जा रहा है। मसाजोग गांव के कई लोगों ने पिछले सप्ताह 'जल समाधि' आंदोलन किया था और पुलिस को मामले के फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए 11 जनवरी तक की समयसीमा दी थी। मसाजोग गांव निवासियों ने शुक्रवार को कहा कि वे आंदोलन के अगले कदम के बारे में कुछ दिनों में तय करेंगे। इधर सरपंच संतोष देशमुख के हत्यारों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग को लेकर जालना शहर में शुक्रवार को एक सर्वदलीय विरोध मार्च निकाला। अपनी को लेकर सड़कों पर उतरे और नारेबाजी की। यह मार्च मराठा क्रांति मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया था।



### सांसद काले ने दी चेतावनी

कांग्रेस नेता और जालना सांसद कल्याण काले ने चेतावनी दी कि कार्रवाई में देरी किए जाने पर और भी सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। सांसद काले ने सोमनाथ सूर्यवंशी की कथित हिरासत में मौत के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से संतोष देशमुख की हत्या के मामले में हत्यारों और उनके सहयोगियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की।

### हत्या का कारण और विवाद

एक पवनचक्की परियोजना संचालित करने वाली ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर किये जा रहे जबरन वसूली के प्रयास का कथित तौर पर विरोध करने को लेकर देशमुख का अपहरण कर लिया गया, प्रताड़ित किया गया और 9 दिसंबर को हत्या कर दी गई थी। मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है। जालना के मार्च में भाग लेने वाले लोगों ने शीघ्र जांच की मांग की। साथ ही कराड और हत्या के बीच संबंध होने का आरोप लगाते हुए मंत्री मुंडे के इस्तीफे की मांग की। इस मार्च में विभिन्न दलों के नेता, मराठा आरक्षण नेता मनोज जरांगे और संतोष देशमुख के परिवार के सदस्य शामिल हुए।

## 10 हजार करोड़ का घोटाला

# एक मामूली आदमी ने 269 बैंकों से किया खेल

एन. के. पुरोहित । मुंबई




प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसके तहत एक ही आदमी ने 10 हजार करोड़ रुपये की रकम विदेश भेज दी। ठाणे के रहने वाले जितेंद्र पांडेय पर आरोप है कि उसने 269 बैंक खातों के जरिए इस पूंजी को ट्रांसफर किया। यही नहीं इस रकम के लिए उसने 98 डमी कंपनियां बनाईं, 12 प्राइवेट कंपनियां भी बनाईं। इन्हीं कंपनियों के नाम पर रकम जुटाई गई और फिर उसे विदेशों में ट्रांसफर कर दिया गया। आरोपी ने हॉन्गकॉन्ग, सिंगापुर और थाइलैंड में स्थित कंपनियों के खातों में यह मोटी रकम भेजी। माल भाड़े के नाम पर यह रकम ट्रांसफर कर दी गई। इन्हीं फर्जी कंपनियों के नाम पर 269 बैंक खाते भी खुलवाए गए और फिर फ्रॉड हुआ। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने 2 जनवरी को ही मुंबई, ठाणे और वाराणसी की 11 लोकेशंस पर रेड मारी थी। यह मामला विदेशों में अवैध तरीके से रकम ट्रांसफर का था। इसी की जांच के दौरान सामने आया कि कैसे जितेंद्र पांडेय नाम के शख्स ने 10 हजार करोड़ का बड़ा खेल कर दिया। रेड के दौरान एजेंसी ने एक करोड़ रुपये कैश और जूलरी बरामद किए। इसके अलावा कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर अचल संपत्ति की जानकारी मिली है। दरअसल ठाणे पुलिस ने जितेंद्र पांडेय एवं अन्य कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर की थी। इसी के आधार पर ईडी ने जांच तेज की थी। ईडी का कहना है कि इन लोगों ने शेल कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया था और उनके नाम पर ही बैंक खाते खुलवाए गए थे।

# मुंबईकरों को मिलेगी केबल टैक्सी

मुनीब चौरसिया । मुंबई

मुंबई की बढ़ती यातायात समस्या का समाधान करने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केबल टैक्सी परियोजना को मंजूरी दे दी है। बेस्ट, लोकल ट्रेन और मेट्रो के बाद अब केबल टैक्सी मुंबईकरों के लिए एक नया, तेज और पर्यावरण-संवेदनशील यातायात विकल्प साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, केबल टैक्सी का पहला चरण दक्षिण मुंबई, पश्चिमी उपनगर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स जैसे क्षेत्रों को कवर करेगा। इसके बाद अन्य व्यस्त रूट्स पर विस्तार किया जाएगा। मुंबईकर इस परियोजना को लेकर उत्साहित हैं। स्थानीय निवासी इसे यातायात से राहत और सफर को तेज बनाने का एक अच्छा कदम मानते हैं। अब देखना होगा कि केबल टैक्सी कितनी जल्दी मुंबई के यातायात नेटवर्क में शामिल होती है और किस हद तक ट्रैफिक जाम से राहत दिला पाती है।



### क्या है केबल टैक्सी?

केबल टैक्सी एक रोपवे आधारित परिवहन प्रणाली है, जिसमें यात्री केबिन के जरिए हवा में सफर करते हैं। यह प्रणाली घनी आबादी वाले इलाकों और ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए कारगर मानी जाती है। गडकरी ने इस परियोजना को हरी झंडी देते हुए कहा कि केबल टैक्सी न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि प्रदूषण को भी कम करने में मददगार होगी। उन्होंने मुंबई की जटिल यातायात प्रणाली में इसे 'एक क्रांतिकारी बदलाव' करार दिया।

### परियोजना के मुख्य बिंदु

**यातायात जाम का समाधान :** केबल टैक्सी सीधे उन क्षेत्रों को जोड़ेगी, जहां सड़क यातायात सबसे अधिक बाधित होता है।
**ग्रीन टेक्नोलॉजी :** यह प्रणाली बिजली से संचालित होगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा।
**तेज और सुलभ यात्रा :** इसमें सफर करने का समय लोकल या सड़क यातायात की तुलना में काफी कम होगा।
**लागत :** शुरुआती चरण में इसे कुछ प्रमुख रूट्स पर लागू किया जाएगा। किराया भी मेट्रो के बराबर रखने की योजना है।

# पीएम मोदी का पहला पॉडकास्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ अपना पहला पॉडकास्ट किया है। 'पीपल बाय डब्ल्यूटीएफ' शो में पीएम मोदी पहली बार किसी पॉडकास्ट में नजर आएंगे। निखिल कामथ ने पीएम मोदी के पहले पॉडकास्ट का एक टीजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। यह टीजर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लोग । एपिसोड 6 ट्रेलर @नरेंद्र मोदी।' इस टीजर में पीएम मोदी को कुछ दिलचस्प सवालों के जवाब देते हुए देखा जा सकता है।

निखिल कामथ ने पीएम मोदी से पूछा कि क्या राजनीति एक गंदी जगह है? इस पर भी पीएम मोदी ने सहजता से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता तो वो कामथ के साथ नहीं बैठे होते। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में अच्छे लोग आते रहने चाहिए। उन्हें महत्वाकांक्षाएं लेकर राजनीति में नहीं आना चाहिए, बल्कि एक मिशन लेकर आना चाहिए।

## बोले- 'राजनीति में मिशन लेकर आएं, एंबिशन नहीं'




### बुधवार को शेयर की थी क्लिप

निखिल कामथ ने बुधवार को एक पॉडकास्ट की क्लिप पोस्ट की थी, जिसमें वे एक अतिथि से सवाल पूछते नजर आ रहे थे। जवाब देने वाला व्यक्ति नहीं दिख रहा था, लेकिन यह एक बड़ा संकेत था कि जवाब देने वाले व्यक्ति पीएम मोदी ही थे। ऐसे में जब कामथ ने प्रधानमंत्री के चेहरे के साथ वीडियो शेयर किया तो लोगों को ज्यादा हैरानी नहीं हुई। बुधवार की क्लिप में कामथ अपने गेस्ट को कुछ साल पहले बेंगलुरु में हुई मुलाकात की याद दिलाते नजर आ रहे थे।

### पीएम बोले- मैं इंसान हूं, भगवान नहीं

अपने पहले पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा 'यह पहली बार है जब मैं किसी पॉडकास्ट पर आया हूं। मुझे नहीं पता कि आपके दर्शक इस पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे।' जवाब में कामथ ने कहा कि देश के पीएम के साथ बैठकर बातचीत करना उनके लिए बड़ी बात है। क्लिप के एक फ्रेम में पीएम मोदी कहते हैं, 'जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब एक भाषण में मैंने लोगों से कहा था कि मैंने भी गलती की है, मैं एक इंसान हूं, भगवान नहीं।'

### भारत युद्ध में तटस्थ नहीं, शांति के पक्ष में



कामथ ने वैश्विक स्थिति और युद्धों के बारे में सवाल पूछा तो पीएम मोदी ने कहा, 'हमने कहा है कि हम तटस्थ नहीं हैं। हम शांति के पक्ष में हैं।' जब पीएम मोदी से कहा गया कि हमारे दिमाग में बचपन से ऐसा भर दिया जाता है कि राजनीति गंदी जगह है। इस पर पीएम मोदी ने कहा 'जैसा आप कह रहे है, हकीकत वैसी ही होती तो आज हम यहां नहीं होते।' जब कामथ ने कहा कि उनकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं है तो दोनों हंसने लगे, प्रधानमंत्री मोदी ने तुरंत कहा कि मेरी स्थिति आपसे अलग नहीं है।

# सरकारी महिला सुधार गृह से आठ लड़कियां हुईं फरार

## आठ में से सात लड़कियों को किया गया गिरफ्तार

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

उल्हासनगर कैम्प-5 स्थित सरकारी महिला सुधार गृह से 8 लड़कियों के भागने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। ये सभी लड़कियां सुधार गृह की लोहे की सलाखों को मोड़कर भाग गई थीं, जिनमें से 7 लड़कियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि एक लड़की भागने में सफल रही। इस संबंध में हिल लाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।



### कैसे बना फरार होने का प्लान?

हिल लाइन पुलिस के अनुसार, लड़कियों ने खिड़की की रेलिंग की लोहे की सलाखें तोड़ीं और छात्रावास से कूदकर भाग निकलीं। जब रात्रि गश्ती दल ने टूटे हुए जाल और क्षतिग्रस्त रेलिंग देखी, तो अलार्म बजाया गया। रोल कॉल में पता चला कि आठ लड़कियाँ लापता हैं। तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया, और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया।

### प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

पुलिस अब पर्यवेक्षण गृह के प्रशासन और सुरक्षा कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। कर्मचारियों की लापरवाही इस पूरी घटना का मुख्य कारण बताई जा रही है। घटना के बाद से प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं।

### तेज तर्रार खोज अभियान

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सचिन गोरे (जोन 4, अंबरनाथ डिवीजन) ने एक विशेष खोज दल का गठन किया। बस स्टॉप, टोल नाके, रेलवे स्टेशन हर जगह तलाशी अभियान चलाया गया।

### क्यों भागीं ये लड़कियाँ?


प्रारंभिक पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि वे पर्यवेक्षण गृह की खराब स्थितियों से बेहद असंतुष्ट थीं। ये उनकी नाराजगी और असुरक्षा का ही नतीजा था कि उन्होंने भागने की योजना बनाई।

### सात मिलीं, एक अब भी लापता

आठ में से सात लड़कियों को उल्हासनगर रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया गया, जहाँ वे लोकल ट्रेन में चढ़ने की फिराक में थीं। रात में ट्रेन सेवाएँ बंद होने के कारण उनकी योजना नाकाम रही। हालांकि, 17 वर्षीय एक लड़की अब भी फरार है और पुलिस उसे ढूंढने में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### जलगांव में दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या



**जलगांव।** जलगांव जिले के भुसावल में खडक्का रोड इलाके में अमरदीप टाकीज के पास शुक्रवार को सुबह चार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर अंधाधुंध पांच राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घायल युवक तहरीन शेख को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की छानबीन भुसावल क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक रावते ने बताया कि सुबह अमरदीप टाकीज के पास एक दुकान पर चाय पी रहे युवक तहरीन शेख पर चार अज्ञात बदमाशों ने पांच राउंड फायर करके मौके से फरार हो गए। युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसके पहले ही उसने दम तोड़ दिया। हमलावरों की तलाश सीसीटीवी के फुटेज के सहयोग से की जा रही है। अशोक रावते ने बताया कि फायरिंग की यह घटना आपसी रंजिश की वजह होने की संभावना है। पुलिस हर ऐंगल से मामले की छानबीन कर रही है। महाराष्ट्र के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटिल ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को तलाशी अभियान चलाना चाहिए।

### नाबालिग बालिका लापता




**पालघर।** पालघर के बोईसर पुलिस थाना क्षेत्र से एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका गायब हो गई है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका है। लापता नाबालिग परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग दूध लेने के लिए घर निकली और लापता हो गई। उसके परिजनों ने अपने रिश्तेदारों व जान-पहचान के लोगों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 'अवैध निर्माण कार्य करने वाले स्थानों पर भी बजाया जाए बैंड'

### भाजपा जिला अध्यक्ष संजय बाघुले ने की मांग

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे



भाजपा शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मनपा आयुक्त सौरभ राव से पत्र के माध्यम से मांग की है कि जहां संपत्ति कर बकायादारों के दरवाजे पर मनपा ढोल और बैंड बाजा बजवाती है, वहीं अवैध निर्माण कार्य करने वाले स्थानों पर भी यह परंपरा लागू होनी चाहिए।

### अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता

संजय वाघुले ने कहा कि मनपा की खाली तिजोरी को भरने के लिए संपत्ति कर वसूली का निर्णय सराहनीय है, लेकिन इसके साथ ही अवैध निर्माणों पर प्रतिबंध भी जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में भूमाफिया खुलेआम अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं और अनधिकृत निर्माणों को पानी और सीवरेज कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं, जिससे पार्किंग की समस्या उत्पन्न होती है और यातायात जाम जैसी समस्याएं पैदा होती हैं।

### शंकर पाटोले से मांग

उन्होंने मनपा के अतिक्रमण उपायुक्त शंकर पाटोले से आग्रह किया कि अवैध निर्माण कार्यों को नजरअंदाज नहीं किया जाए और उन स्थानों पर ढोल-नगाड़े के साथ बैंड बजाने का निर्णय लिया जाए, जहां अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### गरीबों की बढ़ती संख्या और अवैध निर्माण माफिया

वाघुले ने इस पत्र में यह भी उल्लेख किया कि ठाणे शहर में गरीबी बढ़ती जा रही है, और ऐसे में अवैध निर्माण करने वाले माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है।

## मास्टर लिस्ट के पात्र लाभार्थियों को बड़ी राहत

दीपक पवार | मुंबई

म्हाडा के मुंबई इमारत मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड ने मास्टर लिस्ट की लॉटरी के पात्र मूल किरायेदारों/निवासियों के नजदीकी वारिसों को शर्तों के साथ फ्लैट का कब्जा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह घोषणा म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल ने म्हाडा मुख्यालय में हाल ही में आयोजित बैठक में की। मुंबई इमारत मरम्मत और पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा 28 दिसंबर 2023 को मास्टर लिस्ट में शामिल पुरानी उपकरप्राप्त इमारतों के 265 पात्र किरायेदार-निवासियों को फ्लैट आवंटित करने के लिए कंप्यूटराइज्ड लॉटरी निकाली गई थी। हालांकि, फ्लैट का वितरण पत्र जारी करने के बाद, कई मामलों में यह पाया गया कि मूल किरायेदार/निवासी का निधन हो चुका है। ऐसे मामलों में, जहां मूल किरायेदार/निवासी के एक से अधिक वारिस (जैसे पत्नी/बच्चे/माता /पिता ) हैं, सक्षम न्यायालय से वारिस प्रमाण पत्र प्राप्त करने में वारिसों को 6 से 9 महीने का समय लगता है, जिसके कारण फ्लैटों के वितरण में देरी हो रही है। इस मुद्दे पर आयोजित विशेष बैठक में, जयस्वाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि मास्टर लिस्ट में शामिल मूल किरायेदार/निवासियों के निकट संबंधी (जैसे पुत्र, पुत्री, माता-पिता या पत्नी) मौजूद हैं, तो अन्य परिजनों से ₹ना हरकत प्रमाण पत्र₹ प्राप्त कर शर्तों के साथ फ्लैट का कब्जा उन्हें दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कब्जा प्रमाण पत्र जारी करने की तारीख से छह महीने के भीतर सक्षम न्यायालय से वारिस हक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही, संबंधित वारिस लाभार्थियों से इस संदर्भ में क्षतिपूर्ति बांड (Indemnity Bond) प्राप्त करना भी अनिवार्य होगा। जयस्वाल ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सक्षम न्यायालय का वारिस प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक संबंधित फ्लैट की खरीद-बिक्री या किसी प्रकार का तीसरे पक्ष का अधिकार स्थापित नहीं किया जा सकेगा। इस निर्णय से पात्र लाभार्थियों को फ्लैट का कब्जा देना अधिक सुगम होगा और वितरण प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

**पात्र किरायेदारों के वारिसों को शर्तों के साथ फ्लैट का कब्जा; 6 महीने में वारिस प्रमाण पत्र अनिवार्य**




## सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत, पुणे की कोर्ट ने मानहानि केस में दी जमानत

डीबीडी संवाददाता | पुणे



वी डी सावरकर पर टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वीडियो लिंक के जरिए पुणे की अदालत में पेश हुए। अदालत ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जमानत दी। उनको इस मामले में बड़ी राहत मानी जा रही है। अब राहुल गांधी को अदालत के सामने पेश नहीं होना होगा। शुक्रवार को पुणे की एक विशेष अदालत ने हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से संबंधित मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमानत दे दी। सांसद/विधायक अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश होने के बाद 25,000 रुपये के जमानती बॉण्ड पर जमानत दे दी। इस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन जोशी अदालत में जमानतदार के रूप में पेश हुए। राहुल गांधी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील मिलिंद पवार ने कहा कि अदालत ने कांग्रेस नेता को अपने समक्ष उपस्थित होने से स्थायी छूट भी प्रदान की है। अब राहुल गांधी को अदालत के सामने पेश नहीं होना होगा।

### सावरकर के पोते ने दर्ज कराई थी शिकायत

राहुल गांधी के वकील पवार ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई अब 18 फरवरी को होगी। यह मामला मार्च 2023 में लंदन में गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है। गांधी ने अपने भाषण में स्वतंत्रता सेनानी द्वारा लिखी गई एक किताब का हवाला देते हुए उन पर कुछ टिप्पणियां की थीं। जिसके बाद सावरकर के पोते की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### कोर्ट ने दिया था जांच का आदेश

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विवादित बयान को लेकर हिंदुत्व विचारक वीर सावरकर के पोते सात्यकी सावरकर ने पिछले साल पुणे की अदालत में मानहानि की याचिका दायर की थी। इस याचिका के आधार पर कोर्ट ने पुणे की विश्रामबाग पुलिस को जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद कांग्रेस नेता के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

## तबेला से भैंस और उसका बच्चा चोरी

### शिवाजी नगर पुलिस जांच में जुटी

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ



कंसाई इलाके में स्थित एक तबेला से भैंस और उसके बच्चे की चोरी का मामला सामने आया है। घटना 8 और 9 जनवरी की रात की है, जब अज्ञात चोरों ने तबेले से भैंस और उसके बच्चे को चोरी कर लिया। उल्हासनगर-4 के लाल चक्की इलाके में रहने वाली निशा संतोष तिवारी ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि भिंडे वाड़ी, कंसाई, अंबरनाथ स्थित उनके तबेले से चोरों ने 70 हजार रुपये की भैंस और 5 हजार रुपये का उसका बच्चा चुरा लिया।

### पुलिस की जांच जारी

निशा तिवारी की शिकायत पर शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस हवलदार पादिर ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरी की इस घटना के पीछे के संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना ने स्थानीय तबेला मालिकों में चिंता बढ़ा दी है, और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## कचरा संग्रहण के ठेकदार पर केडीएमसी ने की कार्रवाई

### ठेकदार की लापरवाही के कारण तीन वार्डों में कचरा संग्रहण का ठेका रद्द

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (केडीएमसी) ने तीन वार्डों में कचरा संग्रहण के ठेकेदार का अनुबंध रद्द करने का निर्णय लिया है। यह कदम ठेकेदार की लापरवाही के कारण उठाया गया है। केडीएमसी द्वारा बी, डी, और जे वार्डों में कचरा संग्रहण अब प्रशासन द्वारा सुबह के बजाय दोपहर में किया जाएगा। सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के उप आयुक्त, अतुल पाटिल ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### सात वार्डों के लिए एक नई निजी एजेंसी की नियुक्ति

पाटिल ने बताया कि केडीएमसी के सात वार्डों के लिए एक नई निजी एजेंसी नियुक्त की जाएगी, जो इस समस्या का समाधान करेगी। केडीएमसी ने बताया कि आर एंड बी कंपनी को इन तीन वार्डों में कचरा संग्रहण का ठेका सौंपा गया था। कचरा ट्रकों की खराबी, तकनीकी समस्याएं और फॉल्टी वाहनों के कारण इन वार्डों में कचरा संग्रहण पर गंभीर असर पड़ा। कई स्थानीय प्रतिनिधियों और नागरिकों ने कचरा संग्रहण की व्यवस्था पर बार-बार शिकायत की। ठेकेदार को नोटिस जारी करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद ठेकेदार का अनुबंध रद्द कर दिया गया, जैसा कि अतुल पाटिल ने सूचित किया।

## एक वर्ष से फरार चल रहे हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

### पेल्हार पुलिस की क्राइम डिटेक्शन टीम को मिली सफलता

आशु विश्वकर्मा | विरार

पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने हत्या के मामले में लगभग एक वर्ष से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस कार्रवाई को पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले के मार्गदर्शन में किया गया।



### अब तक गिरफ्तार और फरार आरोपी

इस मामले में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि पांच आरोपी अभी भी फरार हैं। क्राइम डिटेक्शन टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों की लगातार तलाश की।

### मृतक सुधीर कुंजबिहारी सिंह की हत्या

यह मामला 27 वर्षीय सुधीर कुंजबिहारी सिंह की हत्या से जुड़ा है, जिनकी मौत पिछले वर्ष पांडे नगर स्थित गौराईपाडा नाका में तेज धारदार हथियार से हमले के दौरान हुई थी। आरोपियों ने सुधीर को रिक्शा में डालकर जबरन मारपीट की और उसके बाद हत्या कर दी।

### आरोपियों की गिरफ्तारी

गोपनीय मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने वांछित आरोपियों रोहन विश्वनाथ सिंह (28) और अखिलेश भोलानाथ यादव (24) को वसई तालुका के विरार पूर्व, भाटपाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## परफ्यूम की बोतल में विस्फोट, 4 घायल

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा



नालासोपारा के शंखेश्वरनगर में गुरुवार रात करीब 8:30 बजे एक बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 112 में विस्फोट हुआ। यह विस्फोट परफ्यूम की बोतलों पर तारीख बदलने के दौरान हुआ। घटना के समय वडर परिवार के चार सदस्य घर में मौजूद थे और वे झुलस गए।

### घायल व्यक्ति और उनकी स्थिति

विस्फोट के बाद घायलों की पहचान महावीर वडर (41), सुनीता वडर, हर्षवर्धन वडर (9) और हर्षदा वडर (14) के रूप में हुई है। हर्षवर्धन का इलाज नालासोपारा के लाइफ केयर अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य तीन का इलाज ऑस्कर अस्पताल में किया जा रहा है।

### दमकल विभाग की प्रतिक्रिया

घटना की सूचना मिलने के बाद वसई विरार शहर महानगरपालिका की दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया। घायलों को शीघ्र ही अस्पताल भेज दिया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## नालासोपारा में तीन बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा



नालासोपारा के आचोले पुलिस स्टेशन ने 9 जनवरी को तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। ये लोग कई वर्षों से बिना पासपोर्ट और वीज़ा के नालासोपारा पूर्व के आंबेडकर नगर क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी जन्नत बाबर शेख, मोहम्मद साहिदुल बजलुर रहमान अताउल, और रियाझ मिझानुर मिर्झा हैं। ये सभी बांग्लादेश के नागरिक हैं और बिना वैध दस्तावेजों के नालासोपारा में रह रहे थे।

### कानूनी धाराएँ और जांच

इन तीनों के खिलाफ भारतीय पासपोर्ट अधिनियम की धारा 3(ए) (बी), 6(ए) और विदेशी नागरिक अधिनियम की धारा 14(ए) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका एवं महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की संयुक्त टीम की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के अनुरूप सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विभाग को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया था। तदनुसार, मुख्य स्वच्छता अधिकारी वसंत देगलुरकर, 3/सी वार्ड के स्वच्छता अधिकारी संदीप किस्मतराव, स्वच्छता निरीक्षक जगन्नाथ वड्डे और उनकी टीम ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उप क्षेत्रीय अधिकारी उपेंद्र कुलकर्णी और राजेश नांदगांवकर, राजेंद्र राजपूत, जयंत कदम के साथ निरीक्षण किया और एक बड़ा अभियान चलाकर कृषि उपज बाजार समिति फुल मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाली दुकानों से लगभग 500 किलोग्राम एकल-उपयोग प्लास्टिक जब्त किया गया! ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति के फूल मंडी के सदस्य रामनाथ गुप्ता की फूल दुकान में बड़ी मात्रा में



सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।प्लास्टिक शहर के पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए यदि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाया गया तो नगर निगम द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। और इस अभियान को और तेज किया जाएगा तथा आगे से नागरिक और व्यापारिक संगठन सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कागज या कपड़े के थैलों का उपयोग करें, ऐसी अपील ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल ने की है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ मिलकर 12वें संयंत्र में प्लास्टिक का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया गया।

## मनपा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स और झंडे हटाने का व्यापक अभियान!

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



जनहित याचिका क्रमांक 155/2011 के मद्देनजर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मनपा आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कल्याण डोंबिवली क्षेत्र में अनाधिकृत बैनर, पोस्टर, झंडे और होर्डिंग्स हटाने के लिए सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उसके अनुसार दिसंबर 2024 में 1085 पोस्टर, 2867 बैनर, 19 होर्डिंग्स, 246 झंडे हटाए गए हैं। बैनरों की अस्थायी स्थापना के लिए अनुमति देने का अधिकार संबंधित वार्ड के पास है। इसे आयुक्त एवं नामित अधिकारियों को दे दिया गया है। 1 जनवरी 2025 से अब तक अनधिकृत बैनर लगाने वाले 27 लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1995 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं। अनधिकृत बैनर, पोस्टर, झंडे और होर्डिंग्स हटाने का अभियान जारी रहेगा। हालांकि, अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के उपायुक्त अवधूत तावड़े ने नागरिकों और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे नगर निगम क्षेत्र में अस्थायी रूप से बैनर लगाने के लिए संबंधित वार्ड कार्यालय से अनुमति लें।

संपादकीय

# ऑनलाइन झूठ को बढ़ावा

संयुक्त राज्य अमेरिका में निरंकुश व दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। उनकी इस दलील से कतई सहमत नहीं हुआ जा सकता। दरअसल, अमेरिका में दक्षिणपंथी रुझानों वाला ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है। बहरहाल, आशंका जतायी जा रही है कि तथ्यों की जांच की व्यवस्था समाप्त करने से झूठ और अफवाहों का तंत्र कालांतर कानून व्यवस्था के लिये भी बड़ी चुनौती बन सकता है। जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की सूचनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठेंगे। मेटा के इस कदम के बाद अन्य सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म भी दबाव में ऐसे कदम उठा सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति का पद संभालने जा रहे ट्रंप से खराब रिश्ते सुधारने हेतु मार्क जुकरबर्ग का कदम व्यावसायिक दृष्टि से तो समझ में आ सकता है, लेकिन सोशल मीडिया पर सूचनाओं की दृष्टि से यह एक गैरजिम्मेदार कदम है। जो दुनिया में विश्वसनीयता व सूचना अखंडता के लिये अच्छा संकेत नहीं है। विडंबना ही है कि सूचना सामग्री को मॉडरेट करने के लिये पेशेवर तथ्य-जांचकर्ताओं पर भरोसा करने के बजाय मेटा एक्स के रास्ते पर जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण ही है। पहले जांच-पड़ताल करके दी जाने वाली पोस्ट पाठकों व दर्शकों का भरोसा जगाती थी कि सूचना सामग्री विश्वसनीय है। लेकिन अब इस नियमन में ढील के निहितार्थों को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करती है। जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को खुली छूट देने के नुकसान को ही दर्शाती है। यदि झूठ की जहरीली बाढ़ को कम नहीं किया गया तो इसका समाज पर घातक असर पड़ सकता है। ऐसे में सामाजिक समरसता व शांति के लिये अधिक तथ्य जांचकर्ताओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। निश्चय ही जांच की व्यवस्था न होने का मतलब है शून्य जवाबदेही और झूठ व गलत सूचना फैलाने का खुला निमंत्रण।

# खतरे में पत्रकारिता का कर्म और धर्म!



**राजेश कसेरा**
वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के जानकार हैं। देश के कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखते हैं। ख्यात समाचार पत्रों में संपादक की भूमिका भी निर्वहन किया है।

**विडम्बना तो ये भी है कि इस हाल में पहुंचने या पहुंचाने के जिम्मेदार खुद पत्रकार ही हैं। तभी तो मुकेश चन्द्राकर की मौत से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ा। आम खबरों की तरह उसे भी एक सूचना मानकर छाप दिया गया और उसके परिवार को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।**

कहते हैं घोर अंधेरे को मिटाने को एक दीये की रोशनी भी बहुत है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में अपने कर्तव्य को अंजाम देने के दौरान शहीद हुए पत्रकार मुकेश चन्द्राकर पत्रकारिता के वही दीपक बन गए। अंतिम सांस तक सच का दामन थामकर रखने वाले इस पत्रकार का इतना दर्दनाक अंत होगा, इसकी कल्पना तो किसी ने नहीं की होगी। जिस बेहरमी के साथ मुकेश को मारा गया, उससे साफ है कि पत्रकारिता के सिद्धांतों को आखिर तक नहीं छोड़ा। तभी तो हत्यारों ने उसे घोर यातनाएं दीं। उसके लीवर के चार टुकड़े कर दिए। पांच पसलियां और गर्दन की हड्डी तक तोड़ दीं। सिर पर चोटों के 15 गंभीर निशान मिले। अंत में उसे सेप्टिंक टैंक में फेंक दिया। देश के सबसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में काम करना वैसे भी हिम्मत की बात है और मुकेश एक दशक से ज्यादा समय से वहां बेबाकी और निडरता के साथ टिके रहे। माओवादी, सरकारी तंत्र और राजनीतिक दलों से जूझते-जूझते इस पत्रकार ने हर बार अपने पत्रकारिता धर्म को निभाया।

बस्तर क्षेत्र में पत्रकार की हत्या का ये पहला मामला नहीं है। बीजापुर में ही 12 साल पहले पत्रकार साईं रेड्डी को भी इसी तरह से मार दिया गया था। बांसागुड़ा के रहने वाले रेड्डी को मार्च 2008 में पुलिस ने माओवादी बताकर छत्तीसगढ़ जन सुरक्षा कानून के तहत जेल में डाल दिया। उन पर आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी की राशन दुकान से माओवादियों ने राशन लिया था। बाद में रेड्डी किसी तरह से वे रिहा हुए तो माओवादिया के निशाने पर आ गए। कई महीनों तक जेल में रहकर आए तो उनको पुलिस का मुखबिर बताने लग गए। माओवादियों ने उनके घर को बम से उड़ा दिया। रेड्डी और उनके परिवार को आंध्र प्रदेश के चेरलापाल में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। इतनी तकलीफें उठाने के बावजूद पुलिस ने उनके दर्द को नहीं समझा। उन्हें लगातार माओवादियों का साथी मानती रही। पुलिस और माओवादियों के बीच फंसे 50 साल के रेड्डी को 6 दिसबंर 2013 को बीजापुर के बांसागुड़ा के बाजार में भरी दोपहर गोलियों से भून दिया गया। सुकमा के पत्रकार नेमीचंद जैन को भी 12 फरवरी 2013 को माओवादियों ने मार डाला। 45 साल के इस पत्रकार शव के पास माओवादियों ने एक पर्चा छोड़ दिया। इसमें लिखा कि पुलिस के लिए जासूसी करने वालों का अंजाम इसी तरह का होगा।

देखा जाए तो देशभर में पत्रकारों की हालत इससे जुदा नहीं है। वे बुरी मौत भले नहीं मर रहे, पर हालात इसक दर विकट हैं कि वे जिंदा लाश की तरह हैं। ये हाल उन सभी पत्रकारों के हैं जो पत्रकारिता को अपना धर्म निभाकर काम कर रहे हैं। ये आज भी मानते हैं उनका काम जिम्मेदारी का है और वे समाज और सरकार के बीच सेतु की तरह हैं। ऐसे पत्रकारों पर उनके पाठक भरोसा करते हैं और ये सोते हुए लोगों को जगाने का काम करते हैं। लेकिन बड़ा सवाल तो ये है कि सच में ऐसा है? बीते दो दशकों में पत्रकारिता का कर्म और धर्म जिस तेजी से बदला है, वह किसी से छिपा नहीं हैं। मीडिया भी अन्य बड़े उद्योगों की तरह कॉर्पोरेट कल्चर में बदल गई है, जहां काम को कम और दाम को ज्यादा तरजीह दी जाती है। जो इस संस्कृति की धारा



में बह गया वह जेंटलमैन जर्नलिस्ट कहलाने लगा तो जो इस धारा के विपरीत चला तो उसे मेंटलमैन का दर्जा दे दिया गया। ऐसे पत्रकारों के लिए कहा भी जाता है कि ईमानदारी, निष्ठा, सत्यता और पारदर्शी तरीके से काम करने वाले भूखे मरते हैं। उनके परिवारों अभावों में जीते हैं और उसका सामना करके मर भी जाते हैं।

विडम्बना तो ये भी है कि इस हाल में पहुंचने या पहुंचाने के जिम्मेदार खुद पत्रकार ही हैं। तभी तो मुकेश चन्द्रकार की मौत से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ा। आम खबरों की तरह उसे भी एक सूचना मानकर छाप दिया गया और उसके परिवार को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। इस पेशे की गरिमा इस कदर गिर गई कि युवा पीढ़ी ने इसके भविष्य बनाने से किनारा कर लिया। जो युवा इस क्षेत्र में आ भी रहे हैं तो अपना ग्लैमर और स्टेटस बढ़ाने के साथ पैसा बनाने के लिए। पत्रकारिता की पॉवर कितनी तेजी से नेता और कारोबारियों की जेबों में चली गई, इसका अहसास तक किसी ने नहीं किया। ज्यादातर पत्रकारों के वित्तीय हालात इस कदर तंग हैं कि अखबार या चैनल में प्रकाशित-प्रसारित होने वाले विज्ञापनों ही उनकी आमदनी का छोटा हिस्सा हो गए हैं। किसी पत्रकार के साथ यदि कोई घटना घट जाए तो आमतौर पर मीडिया घराने वाले पल्ला झाड़ लेते हैं। कोई हिम्मत करके उनके साथ अत्याचार करने वालों के खिलाफ अदालत में जाते हैं तो वहां से तो इंसाफ मिल जाता है। पर जेल या मुकदमों में खुद और परिवार ने जो प्रताड़ना झेली, उसकी भरपाई संभव नहीं होती। सरकार की ओर से पत्रकारों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून फाइलों से बाहर धरातल पर दिखाई नहीं देते। वेतन के नाम पर पत्रकारों को ठगा जाता है। हालात ये हैं कि जिन मीडिया संस्थानों में वे काम करते हैं, वहीं उनका सबका ज्यादा शोषण होता है। दुखद पहलू ये भी है कि वे सबकी आवाज उठाने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे देते हैं और उनकी पीड़ा को देखने-समझने वाला कोई नहीं है। देश में कमोबेश पत्रकारों की ज्यादा जमात ऐसी ही है कि घर-परिवार को चलाने की मजबूरी में अपने उसूलों को ताक पर रखकर वैसे ही काम करें जैसे कमाई के लिए बाजार में खड़ा होकर दलाल करता है। जिस तेजी से पत्रकारिता का पतन हो रहा है, उससे ये भी साफ दिख रहा है कि आने वाले वर्षों में इसका स्वरूप बदल जाएगा। केवल सूचना देने की कठपुतली पत्रकार कहलाएगा, जिसको न कुछ सुनाई देता है, न दिखाई देता और न ही वह बोल पाता है। बस, तय पत्रकार को ही करना है कि उसे शुरुआत कब करनी है? पर, मुकेश चन्द्राकर ने बतौर पत्रकार जो कुछ किया, वह वर्तमान में तो याद ही किया जाएगा, क्योंकि आने वाले कल में तो इस पेशे का न तो कोई भविष्य दिख रहा है और न ही कोई भरोसा।

rajesh.kasera8@gmail.com

जीवन मंत्र


ओशो

# सूफी संत की शर्त

सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर अतृप्ति का कोई कोना नहीं बचा।

एक सूफी रहस्यदर्शी हुआ करता था। वह कभी मस्जिद नहीं जाता था। उसने कभी परमात्मा का नाम तक नहीं लिया; लेकिन उसका होना ही प्रेम से, आनंद से, प्रार्थना से भरपूर था। परमात्मा स्वयं उस अजीब रहस्यदर्शी को लेकर उत्सुक हुए और उसके पास जाकर कहा, 'मैं तुमसे बहुत खुश हूं। तुम्हारे जैसे ही लोग होने चाहिए। मैं तुम्हें देखता रहा हूं और तुम्हारे प्रेम में पड़ गया हूं। तुम प्रार्थना बन गए। तुम इस दुनिया में मेरे सबूत हो कि मनुष्य का अस्तित्व बहुत ऊंचा है। हालांकि, तुम कभी तर्क नहीं करते, तुमने कभी मेरा नाम तक नहीं लिया। लोग फालतू के काम करते रहते हैं, मगर तुम जिए, तुमने प्रेम किया और तुम इतने आनंदमग्न हो कि तुम्हें किसी भाषा कि जरूरत नहीं रही; तुम्हारी उपस्थिति ही अस्तित्व का सबूत बन गई। मैं तुम्हें आशीष देना चाहता हूं। तुम कुछ भी मांग सकते हो।'

सूफी संत ने परमात्मा से कहा, 'मुझे माफ करें। मैं आपसे कुछ भी मांग नहीं सकता, क्योंकि मुझे सचमुच किसी चीज की जरूरत नहीं है। आप उदार हैं, करुणावान हैं; मगर मेरे भीतर अतृप्ति का कोई कोना नहीं बचा। इसलिए आपको मुझे माफ करना होगा। मुझे आपसे कुछ नहीं चाहिए।'




परमात्मा बोले, 'मुझे पता था कि तुम अपने लिए कुछ भी नहीं मांगोगे, मगर दूसरों के लिए तो मांग सकते हो? इस दुनिया में लाखों लोग हैं, जो दुखी और बीमार हैं। मैं तुम्हें शक्ति दे सकता हूं, ताकि तुम चमत्कार कर सको और लोगों के जीवन को बदल सको।' इस पर संत ने कहा, 'यदि आपका इतना आग्रह है, तो एक शर्त के साथ आपका यह उपहार स्वीकार कर सकता हूं।' परमात्मा ने पूछा, 'कैसी शर्त?' संत ने कहा, 'मुझे पता नहीं चलना चाहिए कि मेरे द्वारा क्या हो रहा है। यदि मुझे पता चले कि मैंने ऐसा कर दिया या परमात्मा ने मुझे उपकरण की तरह चुना है, तो यह खतरनाक है, क्योंकि मैं आनंद से भरा हूं। मुझे फिर से 'मैं' की तरफ मत ले जाइए।'

कहते हैं, परमात्मा ने उस सूफी संत से कहा, 'तुम अजीब ही नहीं, अद्वितीय हो। और ऐसा ही होगा। तुम्हें कभी पता नहीं चलेगा कि तुम्हारे आस-पास क्या घट रहा है? जहां कहीं भी तुम जाओगे, वहां चमत्कार होगा। न लाभार्थियों को पता चलेगा कि तुमने चमत्कार किए और न ही तुम्हें मालूम पडेगा। मैं यह शर्त याद रखूंगा।'

संसार में सबसे महान चमत्कार यह है कि तुम नृत्य करो और नृत्य में खो जाओ और तब नृत्य को करने दो, जो भी उससे हो। तुम प्रेम करो और प्रेम में खो जाओ और प्रेम को कर लेने दो, जो वह कर सके। तुम दावा नहीं कर सकते कि यह तुम कर रहे हो, क्योंकि तुम तो पहले ही खो चुके हो।

शख्सियत | अंकिता रैना

# भारतीय प्रोफेशनल टेनिस खिलाड़ी



अंकिता रविंदरकृष्ण रैना एक भारतीय प्रोफेशनल टेनिस खिलाड़ी हैं। 2018 से वह नियमित रूप से एकल और युगल दोनों में भारतीय नंबर एक रही हैं। अप्रैल 2018 में, उन्होंने पहली बार एकल रैंकिंग में शीर्ष 200 में प्रवेश कियाऔर यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली केवल पांचवीं खिलाड़ी बन गईं। रैना ने 2016 दक्षिण एशियाई खेलों में महिला एकल और मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में एकल में कांस्य पदक भी जीता है।

रैना का जन्म 11 जनवरी 1993 राज्य गुजरात में कश्मीरी पंडित माता-पिता ललिता रैना और रविंदर किशन रैना के घर हुआ था।

रैना ने 2016 दक्षिण एशियाई खेलों में महिला एकल और मिश्रित युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता है और 2018 एशियाई खेलों में एकल में कांस्य पदक जीता है। फेड कप में भारत के लिए खेलते हुए रैना का जीत-हार का रिकॉर्ड 18-14 है। उन्होंने 2018 फेड कप में झू लिन (सीएचएन) और यूलिया पुतिनत्सेवा (केएजेड) दोनों पर उल्लेखनीय जीत हासिल की है।

रैना एक स्थिर बेसलाइनर हैं जो अपने विरोधियों को मात देने के लिए मुख्य रूप से अपनी गति और जवाबी हमला करने की क्षमताओं पर निर्भर रहती हैं। रैना ने पांच साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया था। छोटी उम्र से ही उन्हें हेमंत बेंद्रे द्वारा प्रशिक्षित किया गया, जिन्होंने उनके मजबूत अनुशासन और मानसिकता को पहचाना, रैना ने 2009 में मुंबई में एक छोटे आईटीएफ टूर्नामेंट में अपनी पहली पेशेवर उपस्थिति दर्ज की।

2010 में, उन्होंने सीमित सफलता के साथ स्थानीय आईटीएफ कार्यक्रमों में भाग लेना जारी रखा। रैना के 2011 सीज़न में उन्होंने युगल में तीन आईटीएफ सर्किट फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें से एक में उन्होंने देश की महिला खिलाड़ी ऐश्वर्या अग्रवाल के साथ जीत हासिल की। 2012 में, उन्होंने नई दिल्ली में अपना पहला पेशेवर एकल खिताब जीता और युगल में तीन और खिताब जीते। इसके बाद आईटीएफ महिला सर्किट पर कुछ वर्षों तक औसत परिणाम रहे।अगस्त 2018 में, अंकिता ने जकार्ता, इंडोनेशिया में एशियाई खेलों में एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रैना और सानिया मिर्जा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एशियाई खेलों में एकल पदक जीता है।

जीवन ऊर्जा | लाल बहादुर शास्त्री : निधन- 11 जनवरी, 1966 | देहावसान

देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 मुगलसराय में हुआ था। उन्होंने 9 जून 1964 को भारत के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया। उनके शासनकाल में 1965 का भारत पाक युद्ध शुरू हो गया। इससे 3 वर्ष पूर्व चीन का युद्ध भारत हार चुका था। शास्त्री जी ने अप्रत्याशित रूप से हुए इस युद्ध में राष्ट्र को उत्तम नेतृत्व प्रदान किया और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। उन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के पश्चात 11 जनवरी, 1966 की रात को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई।

# अनुशासन और एकता ही किसी देश की ताकत है

हमें शांति के लिए उतनी ही बहादुरी से लड़ना चाहिए, जितना हम युद्ध में लड़ते हैं। हम केवल दुनिया में केवल तभी सम्मान पा सकते हैं अगर हम आंतरिक रूप से मजबूत हैं और हमारे देश से गरीबी और बेरोजगारी को खत्म कर दे। अनुशासन और एकता ही किसी देश की ताकत है। अगर एक आदमी भी बोल दे की वो छुआछूत से पीड़ित से तो भारत को शर्म से सर झुका देना चाहिए। हमें उन कठिनाइयों पर विजय पानी है जो हमारे सामने आती हैं और हमारे देश की खुशी और समृद्धि के लिए दृढ़ता से काम करना चाहिए। मैं किसी दूसरे को सलाह दू और मैं खुद उस पर अमल ना करू तो मैं



असहज महसूस करता हूं। हम न केवल अपने लिए बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए शांति और शांतिपूर्ण विकास में विश्वास करते हैं। हम स्वतंत्रता में विश्वास करते हैं, प्रत्येक देश के लोगों के लिए आजादी, बाहरी हस्तक्षेप के बिना, अपने खुद की नियति बनाने के लिए स्वतंत्रता।

आजादी का संरक्षण अकेले सैनिकों का काम नहीं है। पूरे देश को मजबूत होना है। शासन के मूल विचार, जैसा कि मैंने इसे देखा है, समाज में एकता रखनी है ताकि वह अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ सके और आगे बढ़ सके। सच्चा लोकतंत्र या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसक साधनों से नहीं आ सकते हैं। कानून के शासन का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की मूल संरचना को बनाए रखा जा सके और आगे बढ़ाया जा सके।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# क्यों कहा जाता है प्रयागराज को तीर्थराज?

(भाग 4)


इस प्रकार से वृष के गुरु में प्रयागराज कुंभ के गुरु में हरिद्वार तुला के गुरु में उज्जैन और कर्क के गुरु में नासिक का कुंभ होता है। सूर्य की स्थिति के अनुसार कुंभ पर्व की तिथियां निश्चित होती हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

मगर शुरू में प्रयागराज मेष के सूर्य में हरिद्वार तुला के सूर्य में उज्जैन और कर्क के सूर्य में नासिक का कुंभ पर्व पड़ता है। अथर्व वेद के अनुसार मनुष्य को सर्व सुख देने वाला कौन पर्व है। कुंभ में स्नान पर्व का भी अपना महत्व होता है। संक्रांति के पूर्व और बाद की 16 घड़ियों में पुण्यकाल माना गया है। मुहूर्त तिथि आधी रात से पहले हो तो पहले दिन तीसरे पहर में पुण्यकाल बताया गया है और यदि मुहूर्त तिथि आधी रात के बाद हो तो पुण्यकाल प्रातःकाल माना जाता है।

इसके अलावा मकर संक्रांति का पुण्यकाल 40 घड़ी, कर्क संक्रांति का पुण्यकाल 30 घड़ी और तुला एवं मेष का संक्रांति का पुण्यकाल 20-20



घड़ी पहले और बाद में बताया गया है। प्रयाग में माघ के महीने में विशेष रूप से कुंभ के अवसर पर गंगा-यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान का बहुत ही महत्व बताया गया है। अनेक पुराणों में इसके प्रमाण भी मिलते हैं। प्रयागराज में प्रमुख धार्मिक मंदिर है, जिसमें शंकर विमान मंडप में बड़े हनुमान बंधवा रामानंदाचार्य मठ, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, जगदंबा मठनाग वासुकी शक्तिपीठएलोप शंकरी मांललिता देवी मंदिर, कल्याणी मंदिर, भारद्वाज आश्रम मंदिर, शिव कोटि कोटि तीर्थ मंदिर, श्री हनुमान निकेतन मनकामेश्वर मंदिर, पातालपुरी मंदिर प्रमुख हैं। प्रयागराज कुंभ में पर्व के कुल छह स्नान होगे। मकर संक्रांति 2, पौष पूर्णिमा 3, मौनी अमावस्या 4, माघी पूर्णिमा 5, बसंत पंचमी 6, महाशिवरात्रि प्रयागराज कुंभ का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है।

इस बार यह प्रमुख स्नान पर्वों की तिथियां मकर संक्रांति शाही स्नान मंगलवार 15 जनवरी, पौष पूर्णिमा सोमवार 21 जनवरी मौनी अमावस्या सोमवार 4 फरवरी, बसंत पंचमी रविवार 10 फरवरी, माघी पूर्णिमा मंगलवार 19 फरवरी, महाशिवरात्रि सोमवार 4 मार्च को पड़ेगा।

अपने विचार

मेरे लिए सबसे ज्यादा कष्ट वाला पल क्या था तो वह यही था, जब अमेरिका ने मेरा वीजा ही कैंसिल कर दिया। उसी दौरान मैंने संकल्प ले लिया था कि एक दिन ऐसा होगा कि लोग भारत के वीजा के लिए लाइन लगाकर खड़े होंगे।



**-नरेंद्र मोदी,** पीएम

पिछले 20 सालों से मैं तेज गेंदबाजी के रोमांच में जीता रहा हूं। आज मैं संन्यास की घोषणा करता हूं। यह यात्रा भगवान, मेरे परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों, कोच, सहयोगी स्टाफ और प्रशंसकों के बिना संभव नहीं होती।



**-वरुण आरोन**, क्रिकेटर

करण सर को मेरे साथ एक फिल्म करनी चाहिए। मैं उन्हें एक बहुत अच्छी भूमिका दूंगी और मैं एक बहुत अच्छी फिल्म बनाऊंगी, जो सास-बहू की चुगलीबाजी नहीं होगी। यह एक उचित फिल्म होगी और उन्हें एक उचित भूमिका मिलेगी। **-कंगना रनौत,** अभिनेत्री



लोकसभा चुनाव के बाद हम सभी की, खासकर कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि हम इंडिया गठबंधन को जिंदा रखें। लेकिन अब तक लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी एक भी बैठक नहीं हुई है। यह इंडिया गठबंधन के लिए सही नहीं है।



**-संजय राउत,** शिवसेना (यूबीटी) सांसद

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर खतरा

## विपक्षी गठबंधन के अस्तित्व पर उठ रहे सवालों के लिए कांग्रेस जिम्मेदार: संजय राउत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वह गठबंधन को जिंदा रखें और सभी दलों को एकजुट करके आगे का रास्ता दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक गठबंधन की कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे लोगों में संदेह उत्पन्न हो रहा है।



### 'इंडिया गठबंधन के लिए सही नहीं'

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, 'हमने लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ा था और नतीजे भी अच्छे आए थे। उसके बाद हम सभी की, खासकर कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि हम इंडिया गठबंधन को जिंदा रखें, साथ बैठें और आगे का रास्ता दिखाएं। लेकिन अब तक लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी एक भी बैठक नहीं हुई है। यह इंडिया गठबंधन के लिए सही नहीं है।'

### राज्यों में स्थितियां पूरी तरह से अलग: झा

विपक्षी गठबंधन पर राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, 'इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प प्रदान करने के लिए था। राज्यों में स्थितियां पूरी तरह से अलग हैं। तेजस्वी यादव ने भी यही बात कही थी। यही विपक्षी गठबंधन का मूल मंत्र है। इंडिया गठबंधन एक विचार था और यह विचार कभी खत्म नहीं होगा।'

### एक बार टूट गया तो...

उन्होंने आगे कहा, 'उमर अब्दुल्ला, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं का कहना है कि गठबंधन का अब कोई अस्तित्व नहीं है। अगर लोगों के मन में ऐसी भावना आती है तो इसके लिए विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार है। कोई समन्वय नहीं है, कोई चर्चा नहीं है, कोई संवाद नहीं है। इसका मतलब है कि लोगों को संदेह है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक है या नहीं। अगर यह एक बार टूट गया तो इंडिया गठबंधन फिर कभी नहीं बनेगा।'

## टिकट कालाबाजारी के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले के नवी मुंबई में होने वाले कॉन्सर्ट के टिकट बिक्री में गड़बड़ी और कालाबाजारी को लेकर दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि यह मामला विधायी क्षेत्र से संबंधित है और अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### कोल्डप्ले कॉन्सर्ट और कालाबाजारी का मामला

अक्टूबर 2024 में कोल्डप्ले के नवी मुंबई में होने वाले कॉन्सर्ट के लिए ऑनलाइन टिकट बिक्री के दौरान कथित गड़बड़ी और टिकट कालाबाजारी के खिलाफ यह जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका में आरोप था कि बड़े आयोजनों में टिकटों की बिक्री के दौरान अनियमितताएं और अवैध तरीके अपनाए जाते हैं। खासकर, जब टिकट बुक माय शो प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए थे, तो टिकट जल्दी बिक गए और फिर दूसरे प्लेटफार्मों पर उन्हें अधिक कीमतों पर बेचा गया।

### हाईकोर्ट का निर्णय

हाईकोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा विधायी और कार्यकारी निर्णय है, और अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता संबंधित प्राधिकारी के समक्ष आवेदन कर सकता है, यदि वह इस मुद्दे पर कार्रवाई चाहता है।

### याचिका में क्या था?

वकील अमित व्यास द्वारा दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि बड़े आयोजनों जैसे आईपीएल मैचों, क्रिकेट विश्व कप मैचों, और संगीत समारोहों में टिकटों की कालाबाजारी होती है। याचिका में मांग की गई थी कि ऐसे आयोजनों के लिए सख्त दिशा-निर्देश तय किए जाएं ताकि कालाबाजारी और ऑनलाइन टिकट बिक्री में गड़बड़ी को रोका जा सके। इस मामले से संबंधित शिकायत पहले ही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज कराई जा चुकी है और इसकी जांच चल रही है।



# कर्मवीर दादासाहब के विचार अगली पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक : फडणवीस

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को चंद्रपुर जिले में कहा कि कर्मवीर दादासाहब के विचार और कार्य अगली पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तुलनात्मक रूप से अत्यंत पिछड़े मजदूर समाज में जन्मे दादासाहब कन्नमवार ने अपनी मेहनत के बल पर अपनी प्रतिभा साबित की। दादासाहब एक लक्ष्यवादी नेता थे। राज्य और जिले के विकास के प्रति समर्पित होकर उन्होंने अपना पूरा जीवन जिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को चंद्रपुर के प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी सभागृह में बेलार समाज संगठन और रजत महोत्सव समिति की ओर से आयोजित कर्मवीर मा.सा. कन्नमवार शताब्दी-उत्तर रजत महोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि दादासाहब ने देश की स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। महात्मा गांधी और लोकमान्य तिलक के विचारों का उन पर गहरा प्रभाव था। भारत-चीन युद्ध के समय जब महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण को देश के रक्षा मंत्री का दायित्व सौंपा गया, तब कन्नमवार ने एक वर्ष चार महीने तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की बागडोर संभाली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युद्धकाल में उन्होंने जनता से आर्थिक सहायता की अपील की, जिस पर चंद्रपुर जिले और महाराष्ट्र ने सोना-चांदी और धन के रूप में देश को सहयोग किया था। शिक्षा और स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य केंद्र होना चाहिए, यह विचार सर्वप्रथम कर्मवीर दादासाहब ने रखा था। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विजय वडेट्टीवार ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर, सांसद प्रतिभा धानोरकर, विधायकगण किशोर जोरगेवार, देवराव भोंगले, सुधाकर अडबाले, पूर्व मंत्री शोभा फडणवीस, कार्यवाहक जिलाधिकारी विवेक जॉनसन, नगर आयुक्त विपिन पालीवाल, आयोजन समिति के राहुल कन्नमवार, सूर्यकांत खनके आदि उपस्थित थे।

## कुटे को 10 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेजा



**मुंबई।** धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुरेश ज्ञानोबाराव कुटे को 10 जनवरी तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। ईडी के अनुसार, कुटे और उनके सहयोगी यशवंत वी कुलकर्णी ने डीएमसीएसएल (डीसीएसएल) कंपनी का प्रबंधन किया था, जो निवेशकों से जमा योजनाओं के माध्यम से पैसा इकट्ठा कर रही थी। ईडी ने बताया कि कुटे और उनके सहयोगियों ने चार लाख से अधिक भोले-भाले निवेशकों को भारी मुनाफे का वादा कर डीएमसीएसएल में पैसा जमा करने के लिए आकर्षित किया था। लेकिन निवेशकों को या तो कोई भुगतान नहीं किया गया या केवल आंशिक भुगतान किया गया, जिससे उन्हें धोखा हुआ। इस मामले में पिछले वर्ष ईडी ने कई बार छापे मारे थे। अब तक 1,400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति जब्त की जा चुकी है, और जांच जारी है।

## मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा जरूरी : राज्यपाल राधाकृष्णन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुंबई में कहा कि सनातन धर्म सिर्फ एक धर्म नहीं है, यह जीवन जीने का एक तरीका है। सनातन धर्म हर धर्म को स्वीकार करता है और उसका सम्मान करता है।

सहिष्णुता और समावेशिता सनातन धर्म की ताकत हैं। इसलिए मानवता की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा करना आवश्यक है।

राज्यपाल राधाकृष्णन मुम्बई के गोरेगांव स्थित महारानी अहिल्यादेवी होल्कर मैदान में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित चार दिवसीय हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा




कि भारत के लोग स्वभाव से धर्मनिरपेक्ष हैं। दयालुता यहां की संस्कृति का हिस्सा है। इसीलिए कोरोना महामारी के दौरान भारत ने न सिर्फ अपने लिए कोविड वैक्सीन का उपयोग किया, बल्कि दुनिया के गरीब देशों को भी इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया। इसलिए, मानवता की सेवा के लिए भारत को मजबूत बनने की जरूरत है। कार्यक्रम में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय समन्वयक गुणवंत सिंह कोठारी, शारदा रामप्रकाश बुबना, सीए केसी जैन, गिरीश भाई शाह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ठगी के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को ऱडिजिटल गिरफ्तारीऱ के बाद धोखा देते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गंगविशन मंजू (32), विलास बिश्नोई (21), प्रेमसुख बिश्नोई (19), रामनिवास बिश्नोई (32), सुनील बिश्नोई (24) और अजय कुमार बिश्नोई (21) शामिल हैं।

गिरोह के धोखाधड़ी का तरीका अधिकारियों के मुताबिक, यह गिरोह खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। गिरोह ने अब तक 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। सभी गिरफ्तार आरोपी राजस्थान से हैं और उन्हें दक्षिण मुंबई के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निविदा सूचना स. म.रे. म.रे.प्र. (कार्य) बी.बी./2024/30 में अ.क्र. 07 पर प्रकाशित कार्य की निविदा दिनांक 10.01.2025 को खुलनी है जो अब प्रशासनिक कारण से दिनांक 13.01.2025 को खुलेगी। Apex-676

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**बिजली आपूर्ति में वृद्धि**

सीनियर डीईई/पी/बीसीटी **निविदा सूचना संख्या: ईएल81-821-डब्ल्यूए-17(आर-2) दिनांक 08.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** मुंबई डिवीजनः एलटी पैनल प्रदान करके बिजली आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,47,71,737/- **ईएमडी:** 2,23,900/- **जमा करने की तिथि और समय:** 05.02.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 05.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0948

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**WISE और UDM संबंधित गतिविधियों की आउटसोर्सिंग**

निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/डब्ल्यूसी/1959/24-25/65

मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, माटुंगा, मुंबई- 400 019. आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्र.:** आरआर/पीआर/डब्ल्युसी/1959/24-25/65 **कार्य का विवरण:** माटुंगा कार्यशाला की WISE और UDM संबंधित गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **मात्रा:** दर अनुसूची के अनुसार। **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:** 04.02.2025, 12:00 बजे तक। निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी।

Apex-680 **उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (II)**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**सार्वजनिक सूचना**

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी लोगोंको सूचित किया जाता है की, अधिभोग वर्ग-१ भूमि का निम्नलिखीत विवरण ग्राम सुर्यमाळ तहसिल - मोखाडा, जिला - पालघर में श्रीमती शुभांगी सिताराम जाधव के स्वामित्व और कब्जे में है ।
संपत्ति का विवरण :-

| क्रमांक | ग्राम | गट क्र. | खाता क्र. | क्षेत्र (हे.आर.) | आकार (रू.पै.) |
|---|---|---|---|---|---|
| १) | सुर्यमाळ | ९२/ब | १३७ | १.०२.०० | ०.२५ |

**चतु: सिमा निम्ननुसार है :-**
पूर्वे की ओर : गट क्रमांक ९३ की जमिन
पश्चिम की ओर : रास्ता
दक्षिण की ओर : गट क्रमांक २८/१, २८/२ की जमिन
उत्तरे की ओर : रास्ता

यदयपी हमारे मुवक्कील ने उपरोक्त भूमि को भूमि स्वामी से खरीदने का निर्णय लिया है और उनके बिच बातचीत चल रही है, यदी उक्त भूमि पर कोई बंधक, दान, उपहार, विक्री, समझौता, खरीद विलेख, अदालती सिव्हील और क्रिमिनल लंबित मुकदमा, केस, अपिल, दरखास्त, या कोई अन्य अधिकार ब्याज है, या भूमि का कोई भाग किसी विलेख से बंधक है, तो यह सुचना लिखीत आपत्ती दस्तावेजों के साथ निम्नलिखीत पते पर भेजें | यदि प्रकाशन की तारीख से १४ दिनों के भितर कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती है, तो हम उक्त भूमि को भारमुक्त मान लेंगे और निम्नलिखीत लेनदेन पूरा कर लेंगे | समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान: मुंबई
दिनांक :- 10/09/2025

**ॲड. धरमसेन व्ही. गायकवाड**
(खरीददार के वकील)
पता :- बी - ३, पहली मंजील, बी विंग, न्यु रॉयल पॉईंट-२, नवली रोड, पालघर (प.), ता. जि. पालघर,
मो. नं. ९२२६१६७६५९ / ९९७५१८२८६५

## स्कूली बच्चे की नाले में गिरने से मौत



**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर के बालापुर क्षेत्र में शुक्रवार को कटी पतंग पकड़े की कोशिश में 14 वर्षीय स्कूली बच्चे की नाले में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बालापुर में दोपहर में पवन शांतिकुमाल राठौड नामक 14 वर्षीय लड़का स्कूल से घर जा रहा था। अचानक बच्चे ने कटी पतंग देखा और उसके पीछे भागने लगा। पतंग पकड़ने की कोशिश में बच्चे ने ध्यान नहीं दिया और सड़क के किनारे नाले में गिर गया। स्थानीय नागरिक तत्काल मौके पर पहुंचे और बच्चे को नाले से निकालकर नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इसी तरह गुरुवार को शाम को नासिक के वडाल नाका इलाके में मुशरान सैयद नामक एक बाइक सवार काम से घर लौट रहा था, उसी समय पतंग के धागे से उसके गले में गहरा जख्म हो गया। उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और उसका इलाज जारी है। पुलिस उपायुक्त अकबर पठान ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस प्रशासन ने पतंग के लिए धारदार नायलोन के धागे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# EVM को लेकर मंत्री नितेश राणे का विवादास्पद बयान

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने एक बार फिर से अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने विपक्ष की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) पर निशाना साधने के जवाब में विवादास्पद बयान दिया। नितेश राणे का कहना है कि 'EVM का मतलब है 'हर वोट मुल्ला के खिलाफ' है। कणकवली से बीजेपी विधायक नितेश राणे ने शुक्रवार को सांगली जिले में आयोजित हिन्दू गर्जना सभा को संबोधित करते हुए यह विवादित टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि, 'हां, हम ईवीएम के विधायक हैं, लेकिन ईवीएम का मतलब है हर वोट, मुल्ला के



खिलाफ।' वहीं, इसी सभा में बीजेपी विधायक सुरेश खाडे ने भी चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा, 'हम मिनी पाकिस्तान से चार बार चुने गए।'

### विपक्षी दल ईवीएम के नाम पर चिल्ला रहे हैं: राणे

सांगली जिले में हिन्दू गर्जना सभा को संबोधित करते हुए नितेश राणे ने कहा कि सभी विपक्षी दल ईवीएम के नाम पर चिल्ला रहे हैं। वे ईवीएम को दोष दे रहे हैं, लेकिन वे इस तथ्य को पचा नहीं पा रहे हैं कि हिंदू समुदाय ने एकजुट होकर मतदान किया है। उन्होंने कहा कि वे यह नहीं समझते हैं कि हिंदू समुदाय ने एकजुट होकर मतदान किया है। इसी क्रम में उन्होंने कहा, 'हां, हम ईवीएम के MLA हैं, लेकिन EVM मतलब एवरी वोट अगेंस्ट मुल्ला।' वहीं, इसी सम्मेलन में बीजेपी विधायक सुरेश खाड़े ने भी एक विवादित बयान दिया। खाड़े ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में ज्यादातर मुस्लिम वोटर है और वो मिनी पाकिस्तान से चुनाव लड़ते है और लगातार जीत रहे हैं। बीजेपी नेता सुरेश खाड़े मिरज विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस बार वह इस क्षेत्र से लगातार चौथी बार निर्वाचित हुए हैं।

### बीजेपी विधायक सुरेश खाड़े ने क्या कहा?

सभा को संबोधित करते हुए सुरेश खाड़े ने कहा, 'हम मिनी पाकिस्तान में भी लड़ रहे हैं। उस जगह से (मिरज) मैं चार बार जीतकर आया हूं और एक चौका मारा है।' उन्होंने कहा कि, 'विधानसभा में हमारी संख्या बहुत अधिक है, विपक्ष अब सड़कों तक ही सीमित रह गया है।

**पश्चिम रेलवे**

**एनएफआर अनुबंधों के लिए ई-नीलामी**

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400 008
कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVT-24-65 — नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 22.01.2025, 15.00 बजे

| क्र. | लॉट नं . | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DRD-OSN-197-22-2 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | 80 नंबर के माध्यम से दहानू (डीआरडी) स्टेशनों पर प्लेटफार्मों और फुट ओवर ब्रिजों पर थोक विज्ञापन अधिकार। बोर्ड का कुल प्रदर्शन क्षेत्र 1,920 वर्ग फीट है। | 1095 | 22.01.2025 15:30 बजे |
| 2 | ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | मलाड (MDD) स्टेशन पर एस्केलेटर और सीढ़ियों के लैंडिंग के खंभों पर डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 15:40 बजे |
| 3 | ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | गोरेगांव (GMN) स्टेशन के पश्चिम की ओर स्टेशन भवन के मुख पर ग्लो साइन के लिए थोक विज्ञापन अधिकार, बस स्टॉप के सामने 3 साल की अवधि के लिए। | 1095 | 22.01.2025 15:50 बजे |
| 4 | ADVT-BCT-BVI-OSN-359-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | बोरीवली (BVI) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 16:00 बजे |
| 5 | ADVT-BCT-MX-OSN-297-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | महालक्ष्मी (MX) स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 16:10 बजे |
| 6 | ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | प्रभादेवी (PBHD) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 22.01.2025 16:20 बजे |

नीलामी सूची क्रमांक: MMCT-ADVT-24-66 — नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट): 23.01.2025, 15.00 बजे

| क्र. | लॉट नं . | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (MMCT) पर 3 दिनों की अवधि के लिए पटरियों के बीच रैलिंग पर थोक विज्ञापन अधिकार वर्ष। | 1095 | 23.01.2025 15:30 बजे |
| 2 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | लोअर परेल (पीएल) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 15:40 बजे |
| 3 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | खार (खार) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 15:50 बजे |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 16:00 बजे |
| 5 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:10 बजे |
| 6 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | विले पार्ले (वीएलपी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 16:20 बजे |
| 7 | ADVT-BCT-MX-OSN-373-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 1630 बजे |
| 8 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 16:40 बजे |
| 9 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | मरीन लाइन्स (एमईएल) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 16:50 बजे |
| 10 | ADVT-BCT-STC-OSN-377-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | सांताक्रूज़ (एसटीसी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 23.01.2025 17:00 बजे |

**नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएँ। वहाँ उल्लिखित कैटलॉग के अंतर्गत लॉट के अनुसार विवरण उपलब्ध है। 0950

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

# महावितरण ने की पतंग उड़ाते समय सावधानी बरतने की अपील

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण/भांडुप**

नीले आसमान में ऊंची उड़ान भरती पतंगों, तिल और गुड़ की मिठास के साथ मकर संक्रांति का आनंद दोगुना कर देती हैं। हालांकि, पतंग उड़ाते समय दुर्घटनाओं की संभावना रहती है, खासकर जब पतंग या पतंग की डोर विद्युत वितरण प्रणालियों जैसे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और बिजली लाइनों के संपर्क में आती है। इसलिए महावितरण ने पतंग उड़ाते समय विद्युत प्रणालियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

## सावधानी बरतने की महत्वपूर्ण बातें:




- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इन विद्युत प्रणालियों से दूर रहें और पतंग उड़ाने के लिए खुले क्षेत्रों का उपयोग करें।
- बिजली के तारों या खंभों पर फंसी पतंगों या मांझे को हटाने की कोशिश न करें।
- छतों या छज्जों पर चढ़कर बिजली के तारों में उलझी पतंग को निकालने की कोशिश न करें।
- बिजली के तारों में फंसी पतंग को निकालने के लिए रस्सी को पत्थर से बांधकर तारों पर न फेंकें।
- धातु मिश्रित मांजे के प्रयोग से बचें, क्योंकि यदि ऐसा मांजा विद्युत प्रणाली के संपर्क में आता है, तो बिजली का झटका लगने का खतरा हो सकता है।

# उल्हासनगर मनपा ने भी की अपील

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा का आयोजन 14 जनवरी 2025 को पूरे देश में होगा। इसी संदर्भ में, उल्हासनगर महानगरपालिका के जनसंपर्क अधिकारी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय हरित अधिकरण और बॉम्बे उच्च न्यायालय, औरंगाबाद बेंच में दायर SUO MOTO PIL संख्या 08/2020 के तहत, 20 दिसंबर 2022 को दिए गए आदेशों का पालन करें।




### नायलॉन जालों और रस्सियों के उपयोग न करने की अपील

प्लास्टिक और सिंथेटिक सामग्री से बने नायलॉन जालों का उपयोग न करने की अपील की गई है, क्योंकि इनसे पक्षियों और मानव जीवन को गंभीर चोटें लग सकती हैं। नायलॉन की रस्सियों के कारण बिजली के तारों का टूटना, बिजली के उपकरणों को नुकसान, दुर्घटनाएं, और जान-माल की हानि हो सकती है। इससे पर्यावरण भी प्रभावित हो सकता है।


### मनपा प्रशासन का अनुरोध

यदि कोई व्यक्ति नायलॉन के जाल या रस्सियों का उपयोग करते पाया जाता है, तो उसे रोका जाए और इसके दुष्प्रभाव के बारे में जनजागरूकता फैलाई जाए। मनपा प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस अपील में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की है।

# कुछ ट्रेनों का सूरत के बजाय उधना में ठहराव

## ट्रेनों के समय में भी किया गया बदलाव

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



सूरत स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेनों के ठहराव को सूरत स्टेशन से बदलकर उधना स्टेशन कर दिया गया है, साथ ही इन ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। यह बदलाव 10 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### ट्रेनों के समय में परिवर्तन का विवरण

- ट्रेन संख्या 09207 बांद्रा टर्मिनस–भावनगर टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.35 बजे/13.40 बजे)
- ट्रेन संख्या 09208 भावनगर टर्मिनस–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.13 बजे/01.18 बजे)
- ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.35 बजे/13.40 बजे)
- ट्रेन संख्या 09723 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.13 बजे/01.18 बजे)
- ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस–अजमेर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 14.50 बजे/14.55 बजे)
- ट्रेन संख्या 09621 अजमेर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.55 बजे/23.59 बजे)
- ट्रेन संख्या 09415 बांद्रा टर्मिनस–गांधीधाम स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.12 बजे/23.17 बजे)
- ट्रेन संख्या 09653 अजमेर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.51 बजे/07.56 बजे)
- ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 11.26 बजे/11.31 बजे)
- ट्रेन संख्या 09419 अहमदाबाद–तिरुचिरापल्ली स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.08 बजे/13.13 बजे)
- ट्रेन संख्या 09627 अजमेर–सोलापुर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.37 बजे/01.42 बजे)
- ट्रेन संख्या 09628 सोलापुर–अजमेर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.30 बजे/23.35 बजे)

# आशीर्वाद स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

शहर के नागांव (चाविंद्रा) स्थित आशीर्वाद शिक्षण प्रसार मंडल द्वारा संचालित आशीर्वाद हिंदी हाई स्कूल एवं शांति देवी वीरेंद्रप्रताप सिंह हिंदी प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के ब्रह्मचारी परमपूज्य स्वामी प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज उपस्थित थे। स्वामी जी महाराज द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महाराज के साथ आश्रम के सेवाधारी एवं बीएनएन कॉलजे प्रो. डॉ. कुलदीप सिंह राठौर , स्वयं सिद्धी कॉलेज के प्रो. रवि एस. बिटला,डोंबीवली स्थित सक्षम ग्रुप के डायरेक्टर समीर माली, डॉ. प्रभाकर विश्वकर्मा, डॉ. बृजलाल पटेल, डिवाइन क्लासेज शिक्षक अनिल झा, उद्योगपति शोभनाथ उर्फ़ गुड्डू मौर्या, राजू मौर्या, स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के मैत्रेयी महिला परिषद की अध्यक्ष एवं संगीत शिक्षिका दीपमाला विश्वकर्मा एवं विनोद मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कुल 27 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने नृत्य, ड्रामा एवं गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बच्चों ने पिरामिड का भी शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों में लेजिम ,गणेश वंदना ,ओल्ड एज होम ,नशामुक्ति नाटक जैसे प्रस्तुतियों को कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सीदाराम चौगुले एवं प्रो. डॉ. कुलदीपसिंह राठौर द्वारा स्वामीजी





महाराज का परिचय दिया गया। ब्रह्मचारी श्री प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के बाद विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया गया। आशीर्वाद स्कूल के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण करने के लिए पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी सहित बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष मंगेश यादव, बीजेपी के जिला महासचिव एडो. प्रवीण मिश्रा, पी.डी. यादव,एडो. नंदन गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय नायक, वरिष्ठ पत्रकार दानिश आज़मी एवं खालिद अब्दुल कयूम अंसारी,वरिष्ठ शिक्षक अकबर पिंजारी,प्रतापगढ़ से आए महेश सिंह,विनय कुमार सिंह उर्फ़ बबलू ठाकुर,साधू यादव, आदर्श रामलीला समिति मानसरोवर के महासचिव मंगलेशलाल शर्मा, लक्ष्मी केजरीवाल,हृदयनारायण सिंह एवं बच्चूलाल जायसवाल,श्रीराम हिंदी हाईस्कूल के मुख्याध्यापक प्रवीण सूर्याराव,आरिफ अंसारी, समाजसेवक गुलाब शंकर शुक्ला,हनुमानदत्त शुक्ला,सुदर्शन बल्ला,जितेंद्र चतुर्वेदी,समाजसेवक संतोष राय,बिंदल हिंदी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिवपूजन पांडेय एवं चाचा नेहरू हिंदी हाईस्कूल के वरिष्ठ शिक्षक विजय शंकर सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। वरिष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों एवं विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मान चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पिरामिड को देखते हुए विनयकुमार सिंह (बबलू ठाकुर) द्वारा 2100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा अन्य अभिभावकों द्वारा भी विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिया गया। स्कूल के चेयरमैन वी के सिंह द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत शाल,श्रीफल,सम्मान चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस वार्षिकोत्सव को संपन्न करने में विद्यालय के मुख्याध्यापक दीपक सिंह, वरिष्ठ शिक्षक आर.एम. श्रीवास , महफूज अंसारी, गणेश पाटील, सीदाराम चौगुले, आकाश पाण्डेय, सज्जन मुल्ला , ए.के. सिंह , सूरज सिंह, राहुल अहिरे,सरोज सिंह , नमिता सिंह , किरन वर्मा, सुषमा सिंह, शबनम मोमिन लालबिहारी विश्वकर्मा, अयाज़ शेख , दिलशेर शेख सहित अन्य शिक्षकों ने विशेष परीश्रम किया।

# रविवार को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे ने रविवार, 12 जनवरी 2025 को ट्रैक, सिगनलिंग और ओवरहेड उपस्करों के रख-रखाव के लिए सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक अप और डाउन फास्ट लाइनों पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा।

### सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को धीमी लाइन पर चलाया जाएगा



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस ब्लॉक के दौरान सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को सांताक्रुज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाया जाएगा। ब्लॉक अवधि में कुछ उपनगरीय ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि अंधेरी और बोरीवली की कुछ ट्रेनें हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलेंगी। इस बारे में अधिक जानकारी सभी स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों से प्राप्त की जा सकती है।

# कल्याण रेलवे स्टेशन पर पुलिस का बड़ा एक्शन: वेश्यावृत्ति का भंडाफोड़!

**सुशील सिंह । कल्याण**

कल्याण महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने गुरुवार रात को कल्याण रेलवे स्टेशन में एक छापेमारी की, जिसमें वेश्यावृत्ति करने वाली 13 पीड़ित महिलाओं और उनके चार गिरोह प्रमुखों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई तब की गई जब पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के आसपास वेश्यावृत्ति का कारोबार चल रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में




नाराजगी बढ़ रही थी। पुलिस ने बताया कि गिरोह के चार प्रमुखों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। ये गिरोह प्रमुख 13 पीड़ित महिलाओं को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर कर रहे थे। गिरफ्तार की गई महिलाओं में से कुछ भिवंडी, विठ्ठलवाड़ी और मानपाड़ा की निवासी हैं, जबकि कुछ महिलाएं नेपाल की मूल निवासी हैं। पुलिस ने सभी पीड़ित महिलाओं को उल्हासनगर स्थित सुधार गृह में भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने सभी पुलिस थानों को निर्देश दिया है कि कल्याण पुलिस परिमंडल के अंतर्गत कोई भी अनैतिक व्यापार नहीं होना चाहिए। उनके आदेश के तहत महात्मा फुले पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ज्ञानेश्वर साबले के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

# कल्याण में नाबालिक की हत्या का मामला

## हत्यारे विशाल गवली का मोबाइल फॉरेंसिक प्रयोगशाला को जांच के लिए भेजा गया

**सुशील सिंह । कल्याण**

कल्याण के चक्कीनाका में नाबालिक के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने वाले मुख्य आरोपी विशाल गवली का मोबाइल पुलिस ने अतिरिक्त जानकारी के लिए फॉरेंसिक प्रयोगशाला में भेजा है, ऐसी जानकारी एक जांच अधिकारी ने दी। विशाल गवली और उनकी पत्नी साक्षी को कल्याण न्यायालय के आदेश पर चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में रखा गया है। नाबालिक की हत्या कल्याण पूर्व स्थित उनके निवास पर की गई थी, जिसके बाद विशाल गवली कल्याण से फरार हो गया था। वह बुलढाणा जिले के शेगांव में भाग गया था। वहां उसने अपना मोबाइल एक लॉज के मालिक को पांच हजार रुपये में बेच दिया था। शुरुवात में विशाल ने पुलिस को बताया था कि उसने मोबाइल कसारा घाट में फेंक दिया है। पुलिस उसे घटनास्थल पर ले जाकर मोबाइल फेंकने की जगह का पता लगाने की तैयारी कर रही थी। लेकिन जब उसे डर हुआ कि यदि उसने पुलिस को झूठी जानकारी दी तो उसे परेशानी होगी, तो उसने अपनी कहानी बदल दी और बताया कि उसने अपना मोबाइल शेगांव के एक लॉज के मालिक दीपक तायडे को पांच हजार रुपये में बेचा था। पुलिस ने संबंधित लॉज के मालिक से संपर्क किया और उनके पास से सिम कार्ड सहित मोबाइल को जब्त किया। मोबाइल के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि वह हत्या



करने से पहले और बाद में किन-किन लोगों के संपर्क में था। पुलिस यह भी जांच करेगी कि क्या इस अपराध में किसी और ने उसकी मदद की थी। प्रयोगशाला से आने वाली रिपोर्ट के बाद पुलिस को और भी सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। शाम को साढ़े पांच से साढ़े सात बजे के बीच विशाल ने नाबालिक की हत्या उसके निवास पर की। इस अवधि में वह घर के अंदर ही था। उसने इन दो घंटों के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी जानकारी साझा करने वाले खातों को हटा दिया था। पुलिस को संदेह है कि उसने मोबाइल में से डेटा इसी प्रकार से हटाया। अपराध के समय विशाल ने एक बैग का उपयोग किया था, जिसे उसने कल्याण के उल्हास खाड़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने अग्निशामक और पनडुब्बियों के माध्यम से खाड़ी में 12 किलोमीटर के क्षेत्र में बैग की खोज की, लेकिन वह नहीं मिला । पुलिस को उसके पास से मानसिक रोगी होने का कोई प्रमाणपत्र नहीं मिला। जांच के लिए और न्यायालय में ठोस सबूत प्रस्तुत करने के लिए ये सभी बातें महत्वपूर्ण हैं, इसलिए पुलिस ने इस जांच में कोई भी चूक न करने की सावधानी बरती है। पुलिस द्वारा इस मामले में जल्द ही न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। वरिष्ठ वकील एडवोकेट उज्ज्वल निकम सरकार पक्ष की ओर से न्यायालय में अपनी दलील प्रस्तुत करेंगे। लोगो में इस बात की मांग है कि विशाल को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।निर्भया बचाओ कमेटी द्वारा सिग्नेचर कैंपेन भी हुआ, कमेटी के सदस्य विनोद तिवारी ने बताया की बिटिया को जब तक न्याय नही मिलेगा हमारा आंदोलन नही खत्म होगा !

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** – आज अपनी घरेलू कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। खासकर महिलाएं विशेष सावधानी रखें। किचन में अचानक चोट लग सकती है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष** – आपको आज का दिन कारोबार हेतु लाभदायक बना रहेगा। नौकरी वर्ग में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घरेलू कार्य समय पर होंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी।

**मिथुन** – परिवारजनों के साथ किसी बड़ी भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। व्यापार से बड़ा लाभ होने के योग हैं। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क** – विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**सिंह** – नौकरीपेशा वर्ग को मासिक आय में निश्चितता बनी रहेगी। व्यवसाय-व्यापार लाभदायक रहेगा। पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। धन के निवेश में स्वः विवेक का प्रयोग करें। व्यापार में धनार्जन होगा। घर-परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन कार्य प्रारंभ होगा। संतान के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**तुला** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी।

**वृश्चिक** – कार्य में उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु** – अपनी कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी। तनाव रहेगा। कुसंगति से हानि होगी। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**मकर** – आपकी व्यावसायिक यात्रा आज सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे। आप भी अपनी देनदारी समय पर चुका पाएंगे। नौकरी वर्ग को लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े।

**कुंभ** – नौकरी पेशा के कार्यप्रणाली में आज सुधार होगा। धन लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी अनुबंध होंगे। आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी।

**मीन** – आज व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। नौकरीपेशा के आय में अच्छी वृद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोमांस के मामले में समय खुशनुमा रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

# जानें ज्योतिष में षोडशवर्ग क्या है?

**भाग 1.2.3.(डी-1-डी-60') भाग-4**

- चतुर्थांश कुंडली के लग्न/लग्नेश अगर बली हों तो जातक के सुखों में स्थायित्व बना रहता है। लग्न पर गुरु (धन का कारक) की दृष्टि आर्थिक तौर पर शुभ होती है।
- चतुर्थांश कुंडली में लग्नेश और चतुर्थेश की परस्पर शुभ स्थिति माता से सम्बन्ध का स्तर दर्शाती है ।
- चतुर्थ भाव और शुक्र बली हो तो जातक को वाहन आदि सुखों की प्राप्ति होती है।
- चतुर्थ भाव और मंगल बली हो तो जातक को सम्पत्ति (चर एवं अचल) आदि सुखों की प्राप्ति होती है।
- चतुर्थ भाव के साथ चन्द्र भी पीड़ित हो तो जातक का चरित्र अच्छा नहीं होता और जातक धूर्त होता है।

उपरोक्त उदाहरण में, चतुर्थांश कुंडली की लग्न में योगकारक शनि स्थित है और गुरु से दृष्ट भी है, अर्थात



जातक के पास आर्थिक सुख एवं स्थायी सुख निरन्तर बना रहेगा। चतुर्थ भाव, राहु/केतु अक्ष पर है और चतुर्थेश सूर्य षष्ठम में नीच का है जो सुख-सम्पत्ति हानि दर्शाता है। मंगल, पंचम में गुरु से दृष्ट है जो कि सम्पत्ति को सुनिश्चित कर रहा है, बेशक चतुर्थ के पीड़ित होने से उनकी मात्रा सामान्य हो सकती है। शुक्र, तृतीय भाव में गुरु से दृष्ट, योगकारक शनि दृष्ट और बुध के साथ है। शुक्र की शुभ



**प्रियंका जैन**
**9769994439**

स्थिति वाहन सुख भी दिखाती है। लग्नेश शुक्र और चतुर्थेश सूर्य के परस्पर केंद्र में होने से माता से सम्बन्ध भी अच्छे होने चाहिये। जातक के पास माता सुख, सम्पत्ति सुख और वाहन सुख भरपूर है। स्कूली शिक्षा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था।

5. सप्तमांश (डी-7) उपयोगः यह वर्ग, जन्मकुंडली के पंचम भाव से सम्बंधित प्रजनन/ संतति सम्बंधित फलों के सूक्ष्म रूप को दर्शाता है। इससे पंचम भाव में अन्य कारक तत्वों (उच्च शिक्षा डी 24 से देखते हैं), मनन/ मन्त्र, जीवन-साथी की समृद्धि, सृजनात्मकता आदि भी देख सकते हैं। सप्तमांश के स्वामीः विषम राशियों में स्थित ग्रहों के सप्तमांशों का स्वभाव क्रमशः क्षार (खट्टा/कठोर खनिज), क्षीर (खीर), दधि (दही, किसी भी प्रकार का आकार लेने में सक्षम पर खट्टा भी), इक्षुरस (गन्ने की भांति सीधा/कठोर परन्तु बहुत मिठास भी), मद्य (शराब) और शुद्ध जल। सम राशि में यह क्रम विपरीत होता है, अर्थात पहले सप्तमांश में स्थित ग्रह का स्वभाव शुद्ध जल के समान, दूसरे का मद्य/नशा के समान आदि।

## खबर संक्षेप

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी

**अलीगढ़।** देश-विदेश में उच्च शिक्षा के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने यह हरकत महज 2 लाख रुपये की वसूली के लिए की है। हालांकि पुलिस अभी तक मेल भेजने वाले का पता नहीं लगी सकी है। फिलहाल एएमयू जैसे संस्थान को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क ह। विश्वविद्यालय परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा की सदस्यता ली

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।

### अपराधियों का आतंक

**कटिहार।** कटिहार जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र में अपराधियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते 24 घंटे में इस क्षेत्र में दो गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पहली घटना बरारी के उचला हाट पर घटी, जहां अज्ञात अपराधियों ने धनंजय यादव को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल धनंजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना कुरसेला थाना क्षेत्र के मलिनिया गांव में हुई, जहां एक किसान को अपराधियों ने बासा पर सो रहे समय गोली मार दी। घटना के बाद घायल किसान राधेश्याम मंडल को कुरसेला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया गया।

# यूपी में अब चलेगी 'मां की रसोई'

## सिर्फ 9 रुपए में मिलेगा पूरा खाना, सीएम ने की शुरुआत

एजेंसी | प्रयागराज

महाकुंभ मेले के शुरू होने से पहले शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामुदायिक रसोई 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया, जिसमें मात्र नौ रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि सामुदायिक रसोई का संचालन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किया जाता है। इस बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्होंने 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित लोगों को भोजन परोसा। नंदी सेवा संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए यह पहल शुरू की है। सामुदायिक रसोई में मात्र 9 रुपये में लोगों को भोजन मिल सकेगा। भोजन में दाल, चार रोटियां, सब्जियां, चावल, सलाद और मिठाई मिलेंगी।''

### सीएम योगी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की



सामुदायिक रसोई के उद्घाटन के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री को रसोई में भोजन तैयार करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। नंदी सेवा संस्थान के अनुसार 'मां की रसोई' उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जो अपने प्रियजनों के इलाज के लिए इस अस्पताल में आते हैं और भोजन के लिए चिंतित होते हैं। औद्योगिक विकास मंत्री के अलावा इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और जगदगुरु महामंडलेश्वर संतोष दास उपस्थित रहे। सभी ने राज्य सरकार द्वारा इस पहल की सराहना की है। सामुदायिक रसोई में 9 रुपये में खाना मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही लोगों को भोजन के लिए चिंतित नहीं होना पड़ेगा। नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में कोई भी मात्र 9 रुपये देकर भरपेट खाना खा सकता है।

# 'महाकुंभ में आने वालों पर पुष्पवर्षा करें प्रयागराज के मुसलमान'

## मौलाना शहाबुद्दीन ने की अपील



एजेंसी | लखनऊ


ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रयागराज महाकुंभ मेले को लेकर सौहार्द का संदेश दिया है। मौलाना ने महाकुंभ में आए हुए सभी साधु-संतों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। कहा कि महाकुंभ का मेला अमन व शांति के साथ संपन्न हो।

### मुसलमानों से की ये अपील

शहाबुद्दीन ने प्रयागराज के तमाम मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि जिन मुस्लिम मोहल्लों और गांवों से श्रद्धालु गुजरे उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करें ताकि सद्भाव और प्रेम का पैगाम जाएं। क्योंकि इस्लाम रवादारी और भाईचारे का मजहब है। पैगंबर-ए-इस्लाम ने प्यार और मोहब्बत की शिक्षा दी है। मौलाना ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं के रहने और खानपान की शानदार व्यवस्था कराई है। मौलाना ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने वक्फ बोर्ड के संबंध में जो बात कही है उसका मैं समर्थन करता हूं। अफसोसनाक पहलू ये है कि वक्फ बोर्ड पर काबिज लोगों ने करोड़ों की संपत्तियों को कौड़ियों के भाव खुर्दबुर्द किया। हमारे बुजुर्गे ने जमीनों जायदाद इसलिए वक्फ की थी कि गरीब, कमजोर, लाचार, मुसलमानों की मदद की जाएगी। जनकल्याण के काम होंगे।

# 28 हजार संविदा चालक-परिचालकों को तोहफा

### परिवहन निगम ने भत्ते में की बढ़ोतरी



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के हजारों संविदा चालकों-परिचालकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। संविदा ड्राइवर-कंडक्टर के भत्ते में परिवहन निगम ने बढ़ोतरी कर दी है। परिवहन निगम की तरफ से वेतन बढ़ाने का आदेश बीती एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा, हालांकि इस आदेश से संविदा परिचालक ज्यादा खुश नहीं हैं।

### पारिश्रमिक में की गई वृद्धि

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि इस आदेश में संविदा चालकों के पारिश्रमिक में 17 पैसे प्रति किलोमीटर और संविदा परिचालकों के पारिश्रमिक में 13 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। इसके अलावा उत्कृष्ट व उत्तम श्रेणी के चालकों व परिचालकों के पारिश्रमिक में क्रमश: नौ फीसद व सात फीसद की वृद्धि का आदेश भी आज जारी किया गया है। इससे लगभग 28000 संविदा चालकों-परिचालकों को लाभ होगा।

# पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाये इश्तेहार



**पलामू।** पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया।

# नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

### पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

एजेंसी | बगहा

बगहा दादी के साथ मवेशियों के लिए चारा काटने गई पांचवी की छात्रा के साथ एक व्यक्ति ने दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गुरुवार की देर शाम पटखौली थाना क्षेत्र के बगहा शहर से सटे सरेह की है। मामले में पीड़िता की मां ने महिला थाने में आवेदन देकर अपनी नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

### दादी के साथ चारा काटने गई नाबालिग के साथ दुराचार



महिला थानाध्यक्ष पुष्पा कुमारी ट्विंकल ने बताया कि पीड़ित नाबालिग की मां के आवेदन पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है एवं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए बेतिया भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि थाने को दिये आवेदन में पीड़िता के मां ने लिखा है कि गुरुवार की दोपहर पीड़ित अपनी दादी के साथ घर के पास सरेह में मवेशियों के लिए चारा काटने गई थी। इस दौरान पीड़िता की दादी पास के गन्ने के खेत में चारा काट रही थी और लड़की बगल के खेत में साग काटने चली गई थी। वहां पहले से घात लगाए बैठे तीज नगर निवासी निर्गुण राम ने नाबालिग लड़की को पकड़कर गन्ने के खेत में ले गया जिसके बाद उसने दुष्कर्म किया।

# बीपीएससी छात्रों के समर्थन में 12 जनवरी को पप्पू यादव समर्थक करेंगे बिहार बंद



**सहरसा।** सांसद पप्पू यादव के आह्वान पर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 70वीं परीक्षा में हुई गंभीर अनियमितताओं, पेपर लीक और पुनः परीक्षा करवाने के मांग को लेकर छात्र, युवा-शक्ति द्वारा 12 जनवरी को बिहार बंद का ऐलान किया गया है।उसी संदर्भ में भी युवा शक्ति के कार्यकताओं के द्वारा सहरसा बंद भी किया जाएगा। जाप के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजन यादव ने व्यापारी से आग्रह करते हुए कहा प्रदेश में प्रतियोगिता परीक्षा बिना पेपर लीक आयोजन हो। इसके लिए आयोजित बिहार बंद को सफल बनाने का काम करें। यह कोई राजनितिक आन्दोलन नहीं है। यह आपके और आपके बच्चों के भविष्य के लिए है।कोई अपनी मेहनत की कमाई से, कोई खेत बेच कर, तो गहने गिरवी रखकर अपने बच्चों को पढ़ाते हैं, ताकि उसे नौकरी मिल सके।

# बिहार में खेला नहीं एनडीए का मेला होगा

## एनडीए के सभी नेताओं ने एक मंच से भरी हुंकार

**पटना।** बिहार एनडीए के सभी दलों के सभी प्रदेश प्रवक्ताओं ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। एनडीए के सभी दलों के प्रवक्ता एक मंच पर आए और दावा किया कि 2025 में 225 सीट पार जीतकर नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर सरकार बनायेंगें। दरअसल बिहार की राजनीति में जारी अफवाहों के बीच बगहा में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश प्रवक्ताओं नें एक मंच से हुंकार भरी। एनडीए की इस बैठक में बीजेपी, जेडीयू,



लोजपा आर, हम और रालोमो के प्रदेश प्रवक्ताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन विस्तार और उसकी मजबूती समेत आगामी विधानसभा चुनाव के रणनीतियों पर चर्चा किया।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में हाहाकार

## 241.30 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स

**मुंबई।** विदेशी पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुख की वजह से कारोबारी सप्ताह के आखिरी सत्र में शुक्रवार 10 जनवरी 2025 को घरेलू शेयर बाजार में हाहाकार मचा रहा. हालांकि, शुरुआत कारोबार में यह बढ़त के साथ खुला था. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 241.30 अंक या 0.31% गिरकर 77,378.91 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 95.00 अंक या 0.4% फिसलकर 23,431.50 अंक पर पहुंच गया।

### इंडसइंड बैंक और श्रीराम फाइनेंस के सबसे अधिक घाटा

शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 21 शेयर गिरकर और 9 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. बीएसई में सबसे अधिक घाटे में इंडसइंड बैंक का शेयर रहा. यह 4.41% गिरकर 937.60 रुपये पर बंद हुआ. हालांकि, टीसीएस का शेयर 5.67% बढ़त के साथ 4265.55 रुपये पर पहुंच गया. एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी के 36 शेयर लाल निशान और 14 शेयर हरे निशान पर बंद हुए. इनमें श्रीराम फाइनेंस का शेयर 5.30%



गिरकर 532.15 रुपये पर बंद हुआ, जबकि टीसीएस का शेयर 5.60% की बढ़त के साथ 4265 रुपये पर पहुंच गया।

### एशिया के दूसरे बाजारों में गिरावट

एशिया के दूसरे शेयर बाजारों की बात करें, तो जापान के निक्केई 225, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुए. यूरोपीय बाजारों में बढ़त और अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 2.52% की तेजी के साथ 78.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# सोने 80,000 के पार, चांदी 93,000 पर अटकी



**मुंबई।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत लगातार तीसरे सत्र में 300 रुपये बढ़कर 80,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई. व्यापारियों ने कहा कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) की ओर से लगातार दूसरे महीने अपने भंडार में वृद्धि की खबर के बाद इस कीमती धातु में उछाल आई. बुधवार को 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी. गुरुवार को 99.5% शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये बढ़कर 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. चांदी 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद भाव से 500 रुपये बढ़कर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

# 16 जनवरी को जारी होंगे रिलायंस के तिमाही नतीजे

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले हफ्ते गुरुवार, 16 जनवरी को अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी। कंपनी ने गुरुवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। रिलायंस ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए रिजल्ट पर विश्लेषकों और मीडिया के सामने प्रजेंटेशन मीटिंग के बाद उसी दिन होगा। ICICI सिक्योरिटीज के अनुसार, Q3FY25 में रिलायंस के OTC सेगमेंट की आय में तिमाही दर तिमाही आधार पर 9.4% की तेज बढ़ोतरी दिख सकती है।




### जुलाई-सितंबर तिमाही में 16,563 करोड़ का मुनाफा हुआ था

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 14 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2024-25 के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इसमें कंपनी को 16,563 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। सालाना आधार पर इसमें 4.77% की कमी आई है। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17,394 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की आय (रेवेन्यू) 2,35,481 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 2,34,956 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर इसमें 0.22% की मामूली बढ़ोतरी हुई है।

### औद्योगिक उत्पादन नवंबर में 5.2 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर पिछले साल नवंबर में बढ़कर 5.2 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में नवंबर, 2023 में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नवंबर, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.2 प्रतिशत बढ़ा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन नवंबर, 2024 में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 1.3 प्रतिशत था।

# फैबटेक टेक्नोलॉजीज की स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री




**नई दिल्ली।** बायोटेक सेक्टर के लिए प्री-इंजीनियर्ड और प्री-फैब्रीकेटेड मॉड्यूलर पैनल बनाने वाली कंपनी फैबटेक टेक्नोलॉजीज क्लीनरूम्स लिमिटेड ने आज लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। घरेलू शेयर बाजार के निगेटिव सेंटीमेंट्स के बावजूद इस कंपनी के शेयर ने आज पहले दिन ही अपने आईपीओ निवेशकों का पैसा डबल कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 85 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर एसएमई सेगमेंट के लिए मैक्सिमम परमीसिबल प्रीमियम 90 प्रतिशत के साथ 161.50 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 169.57 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए।

# SIP निवेश पहली बार 26 हजार करोड़ पार




**मुंबई।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी SIP के जरिये म्यूचुअल फंड्स में निवेश लगातार बढ़ रहा है। बीते दिसंबर में पहली बार मासिक SIP 26 हजार करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई। दिसंबर 2023 में यह 17,610 करोड़ थी, जो बीते माह 50.25% बढ़कर 26,459 करोड़ रुपए हो गई। इस बीच म्यूचुअल फंड फोलियो भी रिकॉर्ड 22.50 करोड़ तक पहुंच गए। बीते माह इक्विटी स्कीम्स में नेट इन्वेस्टमेंट (निकासी घटाकर) 41,156 करोड़ रुपए रहा। यह सालाना 142% और नवंबर की तुलना में 14.5% ज्यादा है। सेक्टोरल/थीमेटिक स्कीम्स में सबसे ज्यादा 15,332 करोड़ रुपए का नेट इन्वेस्टमेंट हुआ। दूसरी तरफ डेट फंड्स से 1.27 लाख करोड़ की शुद्ध निकासी हुई।


# वरुण आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने सभी तरह की क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह साल 2015 से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। आरोन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। चोट के कारण इस खिलाड़ी का करियर काफी उथल पुथल वाला रहा। आरोन इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 5 टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने 2010-11 विजय हजारे ट्रॉफी फाइनल में 153 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर सुर्खियां बटोरी थीं।

### इस खेल से जुड़े रहेंगे आरोन

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं BCCI, झारखंड क्रिकेट बोर्ड, रेड बुल, एसजी क्रिकेट और एमआरएफ टायर्स को भी अपने करियर के महत्वपूर्ण मोड़ पर उनके अमूल्य समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अब मैं जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का आनंद लेने के साथ-साथ उस खेल से गहराई से जुड़ा रहूंगा, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और भले ही मैं मैदान से बाहर चला जाऊं, लेकिन यह हमेशा मेरा हिस्सा रहेगा।'



### आरोन ने क्या कहा?

आरोन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पिछले 20 सालों से मैं तेज गेंदबाजी के रोमांच में जीता रहा हूं। आज मैं संन्यास की घोषणा करता हूं। यह यात्रा भगवान, मेरे परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों, कोच, सहयोगी स्टाफ और प्रशंसकों के बिना संभव नहीं होती। पिछले कुछ सालों में कई चोटों से उबरने के लिए अपनी शारीरिक और मानसिक सीमाओं को पार करना पड़ा है। यह केवल फिजियो, प्रशिक्षकों और कोचों के अथक समर्पण की बदौलत ही संभव हो पाया।'

### कैसा रहा था आरोन का अंतरराष्ट्रीय करियर?

आरोन ने अपना पहला टेस्ट साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उसी साल उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे डेब्यू भी किया था। वह भारत के लिए 9 टेस्ट खेले और इसकी 14 पारियों में 52.61 की खराब औसत के साथ सिर्फ 18 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/97 का था। वनडे में इस खिलाड़ी ने 9 मैच की 9 पारियों में 38.09 की औसत से 11 विकटे झटके थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/24 का रहा था।

### IPL में कैसा रहा था आरोन का प्रदर्शन?

IPL में आरोन गुजरात टाइटंस (GT), राजस्थान रॉयल्स (RR), पंजाब किंग्स (PBKS), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और दिल्ली कैपिटल्स (DC) के लिए खेले। उन्होंने 52 मैच की 50 पारियों में 33.65 की औसत से 44 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/16 का रहा था। उन्होंने 8.93 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। आरोन ने पहला IPL मैच साल 2011 में PBKS के खिलाफ खेला था। आखिरी बार वह IPL 2022 में खेलते हुए नजर आए थे।

## वेस्टइंडीज टीम में शामिल हुईं चेरी फ्रेजर और जैनिलिया ग्लासगो



**एजेंसी । नई दिल्ली**

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर चेरी-एन फ्रेजर और अनकैप्ड तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो को वेस्टइंडीज की 15 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। सफेद गेंद श्रृंखला 19 जनवरी को तीन वनडे मैचों के साथ शुरू होगी और 30 जनवरी को तीन टी20 मैचों के साथ समाप्त होगी। सेंट किट्स सभी मैचों की मेजबानी करेगा। तेज गेंदबाज शमिलिया कोनेल और मध्यक्रम की बल्लेबाज रशदा विलियम्स भारत दौरे पर टीम के साथ नहीं थीं। सीडब्ल्यूआई की विज्ञप्ति के अनुसार, वेस्टइंडीज अनुभवी ऑलराउंडर स्टेफनी टेलर के बिना ही खेलेगी, जो अभी भी घुटने की चोट से उबर रही हैं।

# मोनफिल्स छह साल में फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

- फ्रांसीसी खिलाड़ी गेल ने ऑकलैंड ओपन के सेमीफाइनल में अमेरिका के निशेष को पराजित किया
- खिताब के लिए आज बर्ग्स से होगी टक्कर



**एजेंसी । ऑकलैंड**

फ्रांस के गेल मोनफिल्स (38 साल 131 दिन) पिछले छह साल में एटीपी टूर के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने शुक्रवार को ऑकलैंड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अमेरिका के निशेष बसवारेड्डी को 7-6, 6-4 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह मुकाबला एक घंटे 48 मिनट तक चला। अब शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना ज़िजो बर्ग्स से होगा। मोनफिल्स 1990 के बाद दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। सबसे उम्रदराज फाइनलिस्ट का रिकॉर्ड क्रोएशिया के इवो कार्लोविच के नाम है। वह 2019 में पुणे ओपन में 39 साल 311 दिन में फाइनल में पहुंचे थे।

### नंबर गेम

- 2 साल बाद गेल किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे। इससे पहले 2023 में स्टॉकहोम में खेले थे
- 35वीं बार खिताबी मुकाबला खेलेगा फ्रांस इस खिलाड़ी ने और 13 टूर लेवल ट्रॉफियां जीती हैं

### भांबरी-ओलिवेटी का सफर थमा

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अलबानो ओलिवेटी का सफर सेमीफाइनल में थम गया। गैर वरीयता प्राप्त भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रोएशिया के निकोला मेट्रिक और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी के हाथों 6-3, 1-6, 5-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भांबरी-ओलिवेटी ने सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को उलटफेर का शिकार बनाया था।

### वाविरंका को पीछे छोड़ा

मोनफिल्स ने स्विट्जरलैंड के स्टेन वावरिंका को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2023 में क्रोएशिया में खेले गए टूर्नामेंट में 38 साल और 124 दिन की उम्र में फाइनल में जगह बनाई थी। कार्लोविच (38 साल, 110 दिन 2017, डेन बॉश) चौथे और रोजर फेडरर (38 साल, 80 दिन, 2019, बेसल) पांचवें नंबर पर हैं। बेल्जियम के ज़िजो बर्ग्स ने सेमीफाइनल में पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-2, 3-6, 7-5 से पराजित किया।

# नीरज 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी

- अमेरिकी पत्रिका ने स्टार भारतीय एथलीट को रैंकिंग में भी शीर्ष पर रखा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ एथलीट करार दिया है। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध यह पत्रिका 1948 से प्रकाशित हो रही है और खुद को खेलों की बाइबल मानती है। वह हर साल विश्व और अमेरिकी रैंकिंग प्रकाशित करती है। चोपड़ा 2023 की भाला फेंक रैंकिंग में भी शीर्ष पर थे। 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की पिछले साल की रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। ओलंपिक के चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने ओलंपिक के अलावा सिर्फ एक अन्य टूर्नामेंट पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण और नीरीज ने 89.45 मीटर के साथ रजत जीता था। नीरज ने वर्ष पिछले साल कोई डायमंड लीग प्रतियोगिता नहीं जीती। वह दोहा, लॉजेन और ब्रुसेल्स में दूसरे स्थान पर रहे। उनकी एकमात्र बड़ी जीत फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में थी। पत्रिका ने लिखा, वर्तमान में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीरज और 2022 के विजेता पीटर्स के बीच शीर्ष स्थान के लिए स्थिति स्पष्ट नहीं थी।

# स्मृति मंधाना ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

- स्मृति मंधाना के वनडे में 4,000 रन पूरे
- ऐसा करने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह वनडे क्रिकेट में 4,000 रन पूरे करने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय महिला बल्लेबाज बनी हैं। मंधाना मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाईं और 29 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना से पहले वनडे क्रिकेट में भारत के लिए सिर्फ मिताली राज हैं, जिन्होंने 4,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस पूर्व बल्लेबाज ने 232 मुकाबलों की 211 पारियों में 50.68 की औसत से 7,805 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 7 शतक और 64 अर्धशतक निकले थे। भारत के लिए सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने के मामले में हरमनप्रीत कौर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 141 मैच की 122 पारियों में 3,803 रन बनाए हैं।

वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (7,805) बनाने वाली महिला खिलाड़ी की बात करें तो वह मिताली ही हैं। इस सूची में मंधाना 15वें स्थान पर हैं। दूसरे स्थान इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की चार्लोट एडवर्ड्स हैं। उन्होंने 191 मैच खेले हैं और इसकी 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बना चुकी हैं। उनके बल्ले से 9 शतक निकले हैं। मंधाना वनडे क्रिकेट के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक (9) जड़ने वाली बल्लेबाज हैं।

### कैसा रहा है मंधाना का वनडे करियर?

मंधाना ने अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2013 में बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने भारत के लिए 95 मुकाबले खेले हैं। इसकी 95 पारियों में 6 बार नाबाद रहते हुए 44.95 की औसत से 4,001 रन बनाने में सफल रही हैं। उनके बल्ले से 9 शतक के अलावा 29 अर्धशतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन रहा है। मंधाना ने अपने वनडे करियर में सबसे ज्यादा रन (827) इंग्लैंड के खिलाफ बनाए हैं।

### ऐसी रही मंधाना की पारी

मंधाना आयरलैंड के खिलाफ इस सीरीज में कप्तान भी हैं। हरमनप्रीत को इस सीरीज से आराम दिया गया है। अपनी 41 रन की पारी के दौरान मंधाना ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। उनकी स्ट्राइक रेट 141.38 की रही।

# चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में ही होगी: पीसीबी


**एजेंसी । लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने साफ कर दिया है कि 19 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में ही आयोजित होगी। उन्होंने इन अफवाहों को खारिज किया कि स्टेडियमों के मरम्मत कार्य में देरी के चलते टूर्नामेंट किसी अन्य देश में स्थानांतरित किया जा सकता है। टूर्नामेंट के मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेले जाएंगे। पीसीबी ने बताया कि स्टेडियमों के नवीनीकरण और अपग्रेड पर करीब 12 अरब रुपये खर्च किए जा रहे हैं। राजनयिक तनाव के कारण, भारत के मैचों को पाकिस्तान के बजाय दुबई में आयोजित किया जाएगा। इससे टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# युवी का करियर जल्दी खत्म करने के लिए कोहली जिम्मेदार : उथप्पा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कैंसर को मात देकर टीम में वापसी करने वाले युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय करियर को जल्दी खत्म करने के लिए परोक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिटनेस में कुछ रियायत देने के आग्रह को तत्कालीन भारतीय कप्तान ने नामंजूर कर दिया था। उथप्पा ने शुक्रवार को कहा, युवी पा (युवराज सिंह) का उदाहरण लें। उस व्यक्ति ने कैंसर को हरा दिया। वह अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस आने की कोशिश कर रहा था। उस व्यक्ति ने हमें दो बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। जब आप कप्तान बनते हैं तब ऐसे खिलाड़ी के लिए कहते हैं कि उसके फेफड़ों की क्षमता कम हो गई है जबकि आपने उसे संघर्ष करते हुए देखा है। मुझे किसी ने इस बारे में नहीं बताया लेकिन मैं चीजों का आकलन करता हूं। आपने उन्हें संघर्ष करते हुए देखा है, फिर जब आप कप्तान बनते हैं तो फिर आप कुछ मानक तय करके उनका स्तर बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन हर मामले में कुछ अपवाद होते हैं और यहां उस व्यक्ति की बात हो रही है जो अपवाद होने का हकदार था। उस व्यक्ति ने सिर्फ आपके लिए टूर्नामेंट जीते हैं बल्कि कैंसर को भी हराया है। उथप्पा ने खुलासा किया कि युवराज ने फिटनेस टेस्ट में अंक कटौती की मांग की थी। लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें कोई रियायत देने से इनकार कर दिया।

## मुंबई के मैदानों से

# इंडियन ओक्स : सॉयकिक स्टॉर के जीत की संभावना

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महालक्ष्मी रेसकोर्स पर शनिवार को लेडीज डर्बी के नाम से मशहूर विल्लू सी पूनावाला इंडियन ओक्स का आयोजन हो रहा है। दौड़ में दस मंझी हुई फिलियां भाग ले रही है, जिसमें पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित बेहतर प्रतीत होती है और उसके जीत की संभावना है। इसके अलावा दूसरी महत्वपूर्ण दौड़ रामनिवास रामनारायण रुईया गोल्ड कप में नीरज रावल की सवारी में ओडिसियस तगड़ा दावेदार है। आठ दौड़ों के कार्यक्रम के दौरान कई उत्तम नस्ल और शानदार घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। शौकीनों के लिए मुंबई सत्र में पहली बार कुछ रोमाचंक दौड़ों का अनुभव होने वाला है। पहली दौड़ दोपहर 1.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैं। 1- डिवाईन स्टॉर (प्र.), दुलारी (द्वि.), 2- पोर्टोफिनो बे (प्र.), सेलिनी (द्वि.), 3- गॉर्डन (प्र.) , एलेक्जेन्ड्रॉस (द्वि.), 4- मेटिस (प्र.), कॉक्सिनी (द्वि.), 5- ओडिसियस (प्र.), गोल्डन थंडर (द्वि.), 6- सॉयकिक स्टॉर (प्र.), लॉ डोल्स विटा (द्वि.), 7- फियोर्न्टिनी (प्र.), ब्ल्यु बर्ड (द्वि.), 8- डियाने (प्र.) , एलारिकस (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः मेटिस।




# प्रभास की 'द राजा साब' की रिलीज टली

अभिनेता प्रभास पिछली बार फिल्म 'सालार : सीजफायर पार्ट- 1' में नजर आए थे। इसने बॉक्स ऑफिस पर 617.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। काफी समय से प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान मारुथि ने संभाली है। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली थे, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।

### मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज होगा पोस्टर

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म 2025 में ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है 'द राजा साब' से प्रभास की नई झलक मकर संक्रांति के खास दिन सामने आ सकती है।




### 80 फीसदी शूटिंग पूरी

जाने-माने निर्देशक मारुथि फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता थमन एस इस फिल्म का संगीत देने वाले हैं। टी जी विश्व प्रसाद इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म की 80 फीसदी शूटिंग पूरी हो गई है।

# हिसाब बराबर: स्कैम के खिलाफ आम आदमी की जंग

काफी समय से अभिनेता आर माधवन अपनी आगामी फिल्म 'हिसाब बराबर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अश्वनी धीर ने संभाली है। इस फिल्म में अभिनेता नील नितिन मुकेश भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कीर्ति कुल्हारी और रश्मि देसाई भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगी। अब निर्माताओं ने 'हिसाब बराबर' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें माधवन अरबों के घोटाले के खिलाफ जंग लड़ते नजर आ रहे हैं।



'हिसाब बराबर' की कहानी माधवन के किरदार राधे मोहन शर्मा के ईद-गिर्द घूमती है। वह एक मेहनती और ईमानदार रेलवे टिकट चैकर है। उसे अपने बैंक खाते में एक मामूली, लेकिन हैरान करने वाली गड़बड़ दिखती है। जब वह इसके कारण की तलाश में जुटता है तो वह एक अरबों का घोटाला निकलता है। राधे मोहन शर्मा की यह कहानी सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाले की नहीं है। वह निजी जिंदगी में भी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# 'फतेह' में चमके सोनू सूद

अभिनेता सोनू सूद पिछले काफी समय से फिल्म 'फतेह' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू ने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट भी लिखी है। जैकलीन फर्नांडिस और नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार भी इसका हिस्सा हैं। फतेही 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 2 घंटे 10 मिनट की इस फिल्म की कहानी एक एक्स स्पेशल ऑप्स अफसर फतेह की है, जो पंजाब में एक शांतिपूर्ण जिंदगी जी रहा है, लेकिन इसी बीच गांव की लड़की एक खतरनाक साइबर क्राइम सिंडिकेट का शिकार बन जाती है। फतेह इसी के खिलाफ मोर्चा खोलता है।




# शाहरुख खान ने ठुकराया फिल्म 'चामुंडा' का प्रस्ताव

शाहरुख खान के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा। 'पठान' और 'जवान' के बाद उनकी पिछले साल आई फिल्म 'डंकी' भी दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही। अब शाहरुख के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में जाने-माने निर्माता दिनेश विजान ने शाहरुख को आलिया भट्ट की फिल्म 'चामुंडा' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन किंग खान ने इस फिल्म से किनारा कर लिया है। कुछ दिनों पहले कहा जा रहा था कि शाहरुख मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी 'चामुंडा' का हिस्सा बनने जा रहे हैं। हालांकि, अब किंग खान ने इस फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है।



## न्यूज़ ब्रीफ



### फारूक अब्दुल्ला के आवास पर रेहड़ी वालों का प्रदर्शन

**जम्मू।** जम्मू में रेहड़ी-पटरी वालों और दुकानदारों ने शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जम्मू नगर निगम (जेएमसी) द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध जताया। रेहड़ी-पटरी वालों और दुकानदारों ने सड़कों और गलियों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर रखा है। इस हटाने के लिए जेएमसी ने पुलिस के साथ मिलकर जम्मू में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चला रखा है। शुक्रवार को विक्रेताओं ने इस अभियान का विरोध किया।



### निलंबित हुए आईएएस के गोपालकृष्णन बहाल

**कोच्चि।** केरल में आईएएस अधिकारी के मोबाइल नंबर से एक समुदाय के अफसरों के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप मामले में निलंबित किए गए आईएएस अधिकारी के गोपालकृष्णन को सरकार ने बहाल कर दिया है। जबकि एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले आईएएस एन प्रशांत का निलंबन बरकरार रखा है। वे 120 दिन तक निलंबित रहेंगे। दोनों अधिकारियों को पिछले साल 11 नवंबर को निलंबित कर दिया गया था।



### सुखबीर बादल का अकाली दल प्रधान पद से इस्तीफा मंजूर

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (SAD) वर्किंग कमेटी ने सुखबीर बादल का प्रधान पद से इस्तीफा शुक्रवार को मंजूर कर लिया। इसके लिए चंडीगढ़ में वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता वर्किंग प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ ने की। प्रधान पर के लिए 1 मार्च को चुनाव होगा। इसके लिए गुलजार सिंह राणिके को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

### हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामदसुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक जंगल से हथियार और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक विशेष इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के क्रालपोरा इलाके में ती पी जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। यहां से एक पिस्तौल, पिस्तौल की मैगजीन, पांच ग्रेनेड और एके-47 के 270 राउंड शामिल हैं।

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को बड़ी राहत

## 1 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक




एजेंसी । नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कैसीनो को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने कर चोरी के मामले में जारी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई की। शीर्ष अदालत एक ऑनलाइन गेमिंग फर्म को जारी 21,000 करोड़ रुपये के जीएसटी सूचना नोटिस को रद्द करने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले पर भी रोक लगा चुकी है।

### कंपनियां कर रहीं 28% जीएसटी का विरोध

अगस्त 2023 में जीएसटी परिषद ने साफ किया कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर जितने रुपये का दांव लगाया जाएगा, उस पूरी रकम पर 28 फीसदी जीएसटी वसूला जाएगा। जीएसटी परिषद के इस फैसले के खिलाफ गेमिंग कंपनियों ने विभिन्न हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसके बाद केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने नौ हाईकोर्ट से 28 फीसद जीएसटी को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को अपने पास ट्रांसफर कर लिया। शुक्रवार को इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई हुई।



### 2023 में कंपनियों को भेजे गए 71 नोटिस, नोटिस में जीएसटी की चोरी का आरोप

केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर 2023 में जीएसटी कानून में संशोधन किया था। इसके तहत विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया था। अक्टूबर 2023 में ही जीएसटी विभाग ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इन कंपनियों पर कर चोरी का आरोप लगा।

### सभी कार्यवाही पर रोक का आदेश

अदालत में जीएसटी विभाग का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन ने रखा। उन्होंने कहा कि कुछ कारण बताओ नोटिस फरवरी में समाप्त हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि इन मामलों में सुनवाई की आवश्यकता है। यह भी कहा कि गेमिंग कंपनियों के खिलाफ सभी कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। अदलत में गेम्स 24x7, हेड डिजिटल वर्क्स, फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसी कई ऑनलाइन गेमिंग फर्मों ने याचिका दाखिल की थी। 2023 में जीएसटी खुफिया महानिदेशालय ने गेमिंग कंपनियों को 71 नोटिस भेजे। इसमें उन पर 2022-23 के दौरान और 2023-24 के पहले सात महीनों में ब्याज और दंड को छोड़कर 1.12 लाख करोड़ रुपये के जीएसटी की चोरी का आरोप लगाया गया।

# बीएसएफ जवानों पर मवेशी तस्करों ने किया हमला

- भारत में प्रवेश की कोशिश कर रहे थे बांग्लादेशी तस्कर
- जवानों ने कार्रवाई कर तस्करों को खदेड़ा, दस बैल पकड़े



एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर गुरुवार रात बांग्लादेशी मवेशी तस्करों ने बीएसएफ जवानों पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया और 10 बैल बरामद किए। अर्धसैनिक बल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, यह घटना खुटादा सीमा चौकी (बीओपी) पर हुई। यहां बीएसएफ कर्मियों ने तस्करों को मवेशियों के साथ भारतीय सीमा की बाड़ के पास आते देखा। इसके साथ ही, बांग्लादेश की ओर से तस्कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में घुस आए। बीएसएफ जवानों की चेतावनी को नजरअंदाज कर तस्कर आक्रामक तरीके से आगे बढ़े। उन्होंने धारदार भालों का इस्तेमाल करते हुए सीमा की बाड़ को काटने का प्रयास किया। धमकी के जवाब में, बीएसएफ जवान ने चेतावनी फायर किया। बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर ने कहा, 'अंधेरे और ऊबड़-खाबड़ इलाके का फायदा उठाकर तस्कर बांग्लादेश भाग गए। इलाके की तलाशी के दौरान हमलावरों द्वारा छोड़े गए हरियाणा मूल के 8 बैल और तीन धारदार भाले बरामद किए गए'।

# गोवा सीएम की पत्नी के खिलाफ अगली सुनवाई तक बयान नहीं देंगे संजय सिंह

एजेंसी । नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को गोवा की एक अदालत में कहा कि वे मानहानि केस की अगली सुनवाई तक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत के खिलाफ कोई बयान नहीं देंगे। सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ गोवा में कथित कैश-फॉर-जॉब घोटाले को लेकर अदालत का रुख किया है और 100 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है।



### मामले की कोर्ट में सुनवाई

यह मामला बिचोलिम की सिविल अदालत में चल रहा है, जहां पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने संजय सिंह से जवाब मांगा था। मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी।

### अदालत में सुलक्षणा सावंत का पक्ष


सुलक्षणा सावंत की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद परांजपे ने वरिष्ठ अधिवक्ता एसवी मनोहर के साथ संवाददाताओं से कहा कि उनकी ओर से संजय सिंह के खिलाफ कोई और अपमानजनक बयान देने से रोकने के लिए अदालत से अंतरिम आदेश मांगा गया था। इस पर संजय सिंह के वकील ने अदालत को भरोसा दिलाया कि अगली सुनवाई तक वे कोई और बयान नहीं देंगे।

### आरोप और माफी की मांग

संजय सिंह पर आरोप हैं कि उन्होंने पिछले साल दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुलक्षणा सावंत के खिलाफ आरोप लगाए थे। सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह से मुआवजे के साथ माफी मांगने की मांग की है और यह भी स्पष्ट करने की मांग की है कि उनके बयान झूठे थे। गोवा में विपक्षी दल राज्य की भाजपा सरकार पर इस कथित 'घोटाले' को लेकर निशाना साध रहे हैं।

# इंटरपोल ने पहला सिल्वर नोटिस जारी किया

- सीमा पार से लाई गई अवैध संपत्ति का पता लगाना है मकसद
- इटली के अनुरोध पर जारी किया गया नोटिस



एजेंसी । नई दिल्ली

इंटरपोल ने सीमाओं के पार धनशोधन की गई संपत्तियों का पता लगाने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के तहत अपना पहला सिल्वर नोटिस जारी किया है। इस परियोजना में भारत भी भागीदार है। वैश्विक पुलिस संगठन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंटरपोल ने एक बयान में कहा कि उसने इटली के अनुरोध पर पहला सिल्वर नोटिस जारी किया है, जिसमें एक माफिया सदस्य की संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी गई थी। यह नोटिस लियोन, फ्रांस स्थित अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग संगठन द्वारा जारी किया गया है।

### नोटिस सिस्टम और भागीदार देशों की संख्या

इंटरपोल के पास आठ प्रकार के रंग-कोड आधारित नोटिस होते हैं, जो सदस्य देशों को विशिष्ट प्रकार की जानकारी प्राप्त करने में मदद करते हैं। रेड नोटिस विशेष रूप से भगोड़ों को हिरासत में लेने के लिए अनुरोध करती है। इस परियोजना में भारत सहित कुल 52 सदस्य देशों ने भाग लिया है। इंटरपोल ने कहा कि यह पहल वैश्विक स्तर पर अपराधियों के वित्तीय नेटवर्क को नष्ट करने में सहायक होगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत किया जा सकेगा।

### सिल्वर नोटिस का महत्व और उद्देश्य

इस नोटिस का उद्देश्य अपराधियों और उनके नेटवर्क के अवैध वित्त पोषण पर चोट करना है, जो अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से लड़ने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक माना जाता है। इंटरपोल के मुताबिक, वर्तमान में 99 प्रतिशत आपराधिक संपत्तियां अभी तक बरामद नहीं हो पाई हैं।




# पैंगोलिन की नई प्रजाति की खोज

एजेंसी । कोलकाता

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) विभाग के वैज्ञानिकों ने पैंगोलिन जीव की एक नई प्रजाति की खोज की है। यह प्रजाति लगभग 34 लाख साल पहले चीनी पैंगोलिन (मैनिस पेंटाडैक्टाइला) से अलग हुई थी। जेडएसआई ने शुक्रवार को कहा कि इंडो-बर्मी पैंगोलिन (मैनिस इंडो-बर्मनिका) की खोज पैंगोलिन की उद्-विकास विविधता पर प्रकाश डालती है, जिस पर संभवतः इस क्षेत्र में व्यापक भू-जलवायु परिवर्तनों का प्रभाव हुआ।

# अहमदाबाद में 8 साल की बच्ची को कार्डिएक अरेस्ट, हुई मौत

- सीने में दर्द हुआ, कुर्सी पर बैठते ही गिर पड़ी



एजेंसी । अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद शहर में शुक्रवार को कक्षा तीन में पढ़ने वाली आठ वर्षीय बच्ची की उसके स्कूल में संदिग्ध हृदयाघात से मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना थलतेज इलाके में एक निजी स्कूल में सुबह हुई। पुलिस ने उसकी मौत के पीछे का सही कारण जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रबंधन ने इसका सीसीटीवी वीडियो जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की लॉबी में टहलते हुए अपनी कक्षा की ओर जा रही है। रास्ते में, वह बेचैनी के कारण एक कुर्सी पर बैठ जाती है और बेहोश होने के बाद कुर्सी से फिसल जाती है। स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि लड़की को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, तो शिक्षकों ने उसे सीपीआर दिया और एम्बुलेंस बुलाई। लेकिन हालत बगड़ते देख स्कूलकर्मी उसे अपने वाहन से ही एक निजी अस्पताल ले गए। प्रिंसिपल ने बताया कि डॉक्टरों ने कहा कि गार्गी को दिल का दौरा पड़ा था। उन्होंने उसे बचाने की कोशिश की और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा, लेकिन वह बच नहीं सकी।

### पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

छात्रा की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सेक्टर-1 के संयुक्त पुलिस आयुक्त नीरज बडगुजर ने बताया कि हमें अस्पताल से फोन आया कि एक स्कूली छात्रा की अस्पताल में भर्ती होने के बाद मौत हो गई है। हमने अपनी तरफ से जांच शुरू कर दी है और उसकी मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हसदेव नदी के पास मिला 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म




एजेंसी । मनेन्द्रगढ़

छत्तीसगढ़ का मनेन्द्रगढ़ जिला अब इतिहास और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया आकर्षण बनने जा रहा है। यहां हसदेव नदी के किनारे 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिला है, जिसे छत्तीसगढ़ सरकार एक मैरीन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही हैं। यह पार्क न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे एशिया का गौरव बनने वाला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर जीवन की कहानी करोड़ों साल पहले लिखी गई थी। मनेन्द्रगढ़ का यह जीवाश्म उसी कहानी का सजीव प्रमाण है। जीवाश्मों में बाइवाल्व मोलस्का, युरीडेस्मा, एवीक्युलोपेक्टेन, और क्रिनॉएड्स जैसे समुद्री जीवों के अवशेष मिले हैं, जो धरती के पुराने जलवायु और भूगर्भीय बदलावों की गवाही देते हैं।

## रेणुकास्वामी हत्याकांड

# कोर्ट में पेश हुए एक्टर दर्शन समेत सभी आरोपी



- 25 फरवरी को अगली पेशी

एजेंसी । बंगलूरू

रेणुकास्वामी हत्याकांड में अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और उनकी दोस्त अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा समेत सभी आरोपी शुक्रवार को बंगलूरू में सत्र अदालत में पेश हुए। वहीं मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने सभी आरोपियों की उपस्थिति पर गौर करने के बाद अगली पेशी 25 फरवरी तय की और उन्हें उस दिन फिर से पेश होने का निर्देश दिया।

### जमानत मिलने के बाद अदालत में पेश हुए सभी आरोपी

सूत्रों ने बताया कि अदालत ने जमानत की शर्तों के तहत मासिक पेशी अनिवार्य की थी और यह ऐसी ही एक पेशी है। बताया जा रहा है कि जमानत मिलने के बाद यह पहली बार है जब सभी आरोपी एक ही समय पर अदालत में मौजूद थे। मीडिया और दर्शकों की मौजूदगी में अपनी कानूनी टीम के साथ पहुंचे दर्शन अदालत पहुंचे, जबकि पवित्रा गौड़ा को पहले अपने वकील से बातचीत करते देखा गया। अन्य आरोपी भी अपने कानूनी प्रतिनिधियों के साथ आए थे। बता दें कि, अभिनेता दर्शन, अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा और अन्य आरोपियों - आर नागराजू, अनु कुमार उर्फ अनु, लक्ष्मण एम, जगदीश उर्फ जग्गा और प्रदूष एस राव को 13 दिसंबर, 2024 को उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी, जबकि अन्य को पहले ही जमानत दे दी गई थी।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

- चेन्नई एयरपोर्ट पर कराई गई लैंडिंग

एजेंसी । चेन्नई

सिंगापुर जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट को उड़ान के बाद तकनीकी खराबी का पता लगा। इसके बाद उसकी चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग करवाई गई। पायलटों ने समस्या का पता चलने पर एयरपोर्ट से संपर्क किया और लौट आए। फ्लाइट में करीब 170 यात्री सवार थे। इंजीनियर खराबी को ठीक कर रहे हैं। इस घटना की जानकारी हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयरलाइनर ने दी। उन्होंने बताया कि पायलटों ने समस्या का पता चलने पर हवाई अड्डे से संपर्क किया और शहर वापस लौट आए। विमान में करीब 170 यात्री सवार थे, जिनकी सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि चेन्नई से सिंगापुर जा रही फ्लाइट AI 346 संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई। विमान को एहतियाती जांच के लिए सुरक्षित तरीके से उतारा गया। अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित तरीके से उतर गए। अधिकारी ने यह भी बताया कि यात्रियों को चेन्नई से सिंगापुर भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।




# 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के खिलाफ याचिका खारिज

- याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिनमें 2023 के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के परिसीमन खंड को चुनौती दी गई थी। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रविधान है।



### याचिका पर विचार करने में इच्छुक नहीं कोर्ट

अदालत अनुच्छेद 32 के तहत एनएफआइडब्ल्यू की याचिका पर भी विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी। 21 सितंबर, 2023 को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी मिली थी।

### किसने दाखिल की थी याचिका

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की पीठ संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत जया ठाकुर और नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन (एनएफआइडब्ल्यू) की ओर से दाखिल याचिकाओं पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी। पीठ ने कहा कि जया ठाकुर की याचिका ने उस विधेयक को चुनौती दी, जो अधिनियम बन गया था। जबकि एनएफआइडब्ल्यू ने कानून के परिसीमन खंड को चुनौती दी थी। ठाकुर की याचिका को निरर्थक बताकर खारिज कर दिया गया।

# बॉबी चेम्मनूर की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

- मलयालम अभिनेत्री ने चेम्मनूर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

एजेंसी । कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को व्यवसायी बॉबी चेम्मनूर की जमानत याचिका की सुनवाई 14 जनवरी तक के लिए टाल दी। चेम्मनूर को एक मलयालम अभिनेत्री द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एर्नाकुलम न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट-II ने गुरुवार को बॉबी को जमानत देने से इनकार कर दिया था और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद जिला जेल में बंद चेम्मनूर ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पी वी कुन्हिकृष्णन ने कहा कि चेम्मनूर पर कोई विशेष विचार नहीं किया जा सकता।

